

# सब का सपना




निष्पक्ष व निडर- हिंदी दैनिक समाचार पत्र

श्रेयस ने निजी कारणों से भारत ए की कप्तानी छोड़ी -पेज: 7

कल्कि 2 से बाहर होने के बाद दीपिका का भावुक पोस्ट -पेज: 8

वर्ष: 01 | अंक: 167 | बुधवार 24 सितंबर 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2 रुपए


### बिहार की सियासत में भूचाल! अशोक चौधरी ने प्रशांत किशोर को भेजा 100 करोड़ का मानहानि नोटिस

**बिहार (एजेंसी):** बिहार के मंत्री और जेडी-यू नेता अशोक चौधरी ने जन सुराज पार्टी (जेएसपी) के संस्थापक प्रशांत किशोर को मानहानि का नोटिस भेजा है। उन्होंने उन पर "बेबुनियाद, तुच्छ और अपमानजनक आरोप" लगाने का आरोप लगाया है। अशोक चौधरी के वकील द्वारा भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि या तो प्रशांत किशोर अपने आरोपों के समर्थन में सबूत पेश करें या कानूनी नोटिस मिलने के एक हफ्ते के भीतर मेरे मुवक्किल को अपूरणीय क्षति पहुँचाने और उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए बिना शर्त माफी माँगें। नोटिस में कहा गया है कि अगर ऐसा नहीं किया जाता है, तो चौधरी बिहार में 100 करोड़ रुपये के हजार्ने के लिए उचित आपराधिक कार्यवाही और दीवानी मुकदमा शुरू करेंगे। नोटिस में कहा गया है कि किशोर ने 19 सितंबर, 2025 को पटना में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में "अपमानजनक बयान" दिए।

# प्रधानमंत्री 75 लाख महिलाओं के खाते में भेजेंगे 10 हजार रुपये की राशि, 26 सितंबर को जारी होने जा रही पहली किस्त

**बिहार (एजेंसी):** सरकार ने बिहार की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत प्रत्येक परिवार की एक पात्र महिला को स्वरोजगार मुहैया कराने के लिए 10 हजार रुपये की सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी। योजना की विधिवत शुरूआत 26 सितंबर (शुक्रवार) को होने जा रही है। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन जुडेंगे। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इसमें सूबे की 75 लाख महिलाओं के बैंक खाते में 10-10 हजार रुपये की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) सीधे स्थानांतरण किए जाएंगे। इन महिलाओं के बीच साढ़े सात हजार करोड़ रुपये का वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम को आयोजित करने को लेकर ग्रामीण विकास



विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने इसे लेकर सभी जिलों के डीएम को पत्र जारी किया है। इसमें खासतौर से यह निर्देश दिया गया है कि इस मौके पर संकुल स्तरीय संघ ग्राम संगठन स्तर पर इसे उत्सव के तौर पर मनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर को उत्सव के तौर पर मनाने एवं जन-जन तक इसकी जानकारी पहुंचाने के साथ ही महिला समूहों एवं सामुदायिक संगठनों को जागरूक करने के उदेश्य से राज्य मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर भी इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जीविका स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों की सहभागिता होगी। योजना का लाभ लेने के लिए अब तक शहरी और ग्रामीण इलाकों की 1 करोड़ 11 लाख 66 हजार महिलाओं ने आवेदन किया है। यह होगी कार्यक्रम की रूपरेखा - इस कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित की गई है। सभी 38 जिला मुख्यालय में डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें जन प्रतिनिधि के अलावा जिला स्तरीय अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी कम से कम 1 हजार

**75 लाख महिलाओं के बैंक खाते में 10-10 हजार रुपये.....**

**मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इसमें सूबे की 75 लाख महिलाओं के बैंक खाते में 10-10 हजार रुपये की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) सीधे स्थानांतरण किए जाएंगे।**

महिलाएं भाग लेंगी। - सभी 534 प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ (प्रखंड विकास पदाधिकारी) की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम होगा। इसमें प्रखंड स्तरीय जन प्रतिनिधि, अधिकारी और एसएचजी से जुड़ी 500 महिलाएं भाग लेंगी।- जीविका के सभी 1680 संकुल स्तरीय संघ पर भी इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें संकुल स्तरीय जीविका समूह की 200 महिलाएं शामिल होंगी। - जीविका के सभी 70 हजार ग्राम संगठन स्तर पर भी इस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। इसमें एसएचजी से जुड़ी 100 महिलाएं भाग लेंगी। यह है योजना का मकसद यह राशि महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करने, छोटे-मोटे व्यवसाय स्थापित करने या मौजूदा व्यवसायों को बढ़ाने में सहायता प्रदान करेगी। इस योजना के तहत दी जाने वाली वित्तीय सहायता से महिलाएं खेती, पशुपालन, हस्तशिल्प, सिलाई, बुनाई, और अन्य लघु उद्यमों में निवेश कर सकेंगी। स्वरोजगार शुरू कर महिलाएं स्वालंबी बन सकेंगी। इससे इनका परिवार भी सशक्त बन सकेगा। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को समान रूप से लाभ पहुंचाना है। 1 करोड़ 7 लाख दीदियों ने किया आवेदन इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन प्रक्रिया को सरल रखा गया है। ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ उठा सकें। इसका लाभ लेने के लिए सिर्फ ग्रामीण क्षेत्र से अब तक 1 करोड़ 7 लाख जीविका दीदियों ने आवेदन किया है। इसके अतिरिक्त 1 लाख 40 हजार से अधिक महिलाओं ने समूह से जुड़ने के लिए आवेदन किया है। निर्धारित प्रावधान के मुताबिक, किसी स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं ही इसका लाभ ले सकती हैं। शहरी क्षेत्र की 4 लाख से अधिक महिलाओं ने किया आवेदन मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना ने ग्रामीण और शहरी, हर वर्ग की महिलाओं में नई उम्मीद जगाई है।

## उत्तराखंड में सुगंध क्रांति नीति को हरी झंडी: राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगा फैसला

**उत्तराखंड (एजेंसी):** मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने मंगलवार को राज्य की 'उत्तराखंड सुगंध क्रांति नीति 2026-2036' को मंजूरी दे दी। नीति के पहले चरण में, 91,000 लाभार्थियों के माध्यम से 22,750 हेक्टेयर भूमि को सुगंधित फसलों के अंतर्गत लाया जाएगा। किसानों को एक हेक्टेयर की खेती की लागत पर 80 प्रतिशत तक और एक हेक्टेयर से अधिक की लागत पर 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। सुगंध क्रांति नीति के अलावा, कई अन्य योजनाओं पर भी विचार किया गया और शिक्षा, आवास और कारागार के लिए विभिन्न व्यय को भी मंजूरी दी



गई। स्कूली शिक्षा के लिए, पीएम ई-विद्या कार्यक्रम के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए, जिसके अंतर्गत वर्तमान में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एससीईआरटी द्वारा पाँच निःशुल्क शैक्षिक टीवी चैनल प्रसारित किए जा रहे हैं, एक सुसज्जित स्टूडियो स्थापित किया जाएगा। आवास विभाग के लिए, प्रधानमंत्री आवास योजना पीएमएवाई के अंतर्गत आवासों को विनिदेर्शों के अनुसार संशोधित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा 2,785 लाख रुपये 27 करोड़ 85 लाख 7 हजार रुपये का अतिरिक्त अनुमानित व्यय वहन किया जाएगा। बयान में बताया गया है कि उधम सिंह नगर जिले की रुद्रपुर तहसील के बागवाला गाँव में निम्न आय वर्ग के लिए जिला विकास प्राधिकरण द्वारा 1,872 किफायती घरों का निर्माण किया जा रहा है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में, उत्तराखंड राजकीय प्राथमिक शिक्षा अध्यापक सेवा नियमावली में संशोधन किया गया है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा हेतु राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक विशेष शिक्षा की नियुक्ति का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त, सहायक अध्यापक प्राथमिक के पद पर नियुक्ति हेतु, सितंबर 2017 से 31 मार्च 2019 के मध्य एनआईओएस द्वारा मुक्त दूरस्थ शिक्षा ओडीएल के माध्यम से संचालित सेवाकालीन डी.एल.एड. प्रशिक्षण को मान्यता दी गई है। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत विभिन्न विवाह अनुदान योजनाएँ चलाई जा

## योगी का संकल्प: भारतीय श्रम-प्रतिभा से बने हर उत्पाद को दें बढ़ावा, यह राष्ट्रीय गौरव है

**लखनऊ (एजेंसी):** स्वदेशी उत्पादों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को आगे बढ़ाते हुए, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नागरिकों से भारतीय प्रतिभाओं का समर्थन करने और स्वदेशी कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पाद खरीदने का आग्रह किया। 'आत्मनिर्भर भारत-स्वदेशी संकल्प' पर एक राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री योगी ने उत्पादन में आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय गौरव के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश है कि हमें भारतीय कारीगरों के श्रम और हमारे युवाओं की प्रतिभा से बनी हर चीज को बढ़ावा देना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी ने इस आह्वान को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य से जोड़ते हुए कहा कि सदियों से विदेशी आक्रमणों



के कारण भारत की जनसंख्या और कृषि को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत में हिंदू आबादी, जो उनके अनुमान के अनुसार वर्ष 1100 तक लगभग 60 करोड़ थी, 1947 में स्वतंत्रता के समय तक घटकर लगभग 30 करोड़ रह गई थी। उन्होंने पूछा, "वर्ष 1100 तक भारत में हिंदुओं की आबादी 60 करोड़ थी। और जब 1947 में देश आजाद हुआ, तब हिंदुओं की आबादी सिर्फ. 30 करोड़ थी। बताइए, इन 800-900 सालों में हमारी आबादी बढ़नी चाहिए थी या घटनी चाहिए थी?" योगी ने कहा इसका मतलब है कि न सिर्फ. आबादी घटी, बल्कि हमारा कृषि उत्पादन भी कम हुआ। यह घटती आबादी न सिर्फ. आक्रांताओं द्वारा मारी गई, बल्कि भूख, बीमारी और तमाम तरह की यातनाओं से भी मरी। विदेशी गुलामी ऐसे ही होती है। इस देश पर भी यही सब कुछ थोपा गया। इस देश पर अत्याचार और शोषण किया गया। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सब कुछ होते हुए भी भारत को विदेशी शासकों द्वारा किए गए विभाजन का खामियाजा भुगतना पड़ा। इससे पहले सोमवार को, जब देश की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 2.0 लागू हुआ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय नागरिकों को एक पत्र लिखा, जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया कि 'जीएसटी बचत उत्सव' से बचत को बढ़ावा मिलेगा और समाज के हर वर्ग को सीधे लाभ होगा। अपने पत्र में पीएम मोदी ने देशवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं।

## फिर से जंगल राज, गुंडा राज नहीं देखना चाहता यूपी, आजम खान की रिहाई पर अखिलेश के रिएक्शन पर रवि किशन का पलटवार

**लखनऊ (एजेंसी):** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा पार्टी नेता आजम खान की सीतापुर जेल से रिहाई पर की गई टिप्पणी के बाद, भाजपा सांसद रवि किशन ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता जंगल राज और गुंडा राज की वापसी नहीं चाहती। उन्होंने आगे विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय जनता पार्टी 2027 में फिर से सरकार बनाएगी और कहा कि पार्टी का लक्ष्य आगामी राज्य विधानसभा चुनाव में 300 से अधिक सीटें हासिल करना है। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश उस जंगल राज, गुंडा राज, बाहुबली राज और अपहरण राज को दोबारा नहीं देखना चाहता, इसलिए भाजपा सरकार बार-बार आ रही है। 2027 में हम 300 का आंकड़ा भी पार कर लेंगे। समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता आजम खान के सीतापुर जेल से रिहा होने के कुछ मिनट बाद पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि



समाजवादियों को विश्वास है कि अदालत न्याय करेगी और पार्टी को उम्मीद है कि आने वाले समय में कोई भी झूठा मामला दर्ज नहीं किया जाएगा और भाजपा द्वारा कोई अन्याय नहीं किया जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा नेता आजम खान जेल से रिहा हो गए हैं। मैं इसके लिए न्यायालय का आभार व्यक्त करता हूँ। हम समाजवादियों को विश्वास था कि न्यायालय न्याय करेगा। हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में भाजपा द्वारा कोई भी झूठा मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा और कोई अन्याय नहीं होगा; एक अधिकारी को लगातार सेवा विस्तार दिया जा रहा था। यह समाजवादियों के लिए खुशी की बात है कि वह रिहा हो गए हैं। समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी नेता आजम खान के खिलाफ सभी मामलों में जारी जमानत वारंट पर कहा कि सरकार ने आजम खान को गलत केस में फंसाया है लेकिन कोर्ट ने उन्हें राहत दी है। इसके लिए हम कोर्ट का स्वागत करते हैं... उन पर सैकड़ों केस लगाए गए हैं। समाजवादी पार्टी उनकी पूरी मदद कर रही है।

## भारत को बेरोजगारी और 'वोट चोरी' से मुक्त कराना सबसे बड़ी देशभक्ति: राहुल गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी):** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि बेरोजगारी और "वोट चोरी" का सीधा संबंध है तथा अब भारत को अब इन दोनों से मुक्त कराना ही अब सबसे बड़ी देशभक्ति है। राहुल ने बिहार के कुछ युवाओं पर लाठीचार्ज और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सैर करने से संबंधित अलग-अलग वीडियो 'एक्स' पर साझा किए और कहा कि युवा समझ चुका है कि असली लड़ाई सिर्फ नौकरियों की नहीं, बल्कि "वोट चोरी" के खिलाफ है, क्योंकि जब तक चुनाव चोरी होते रहेंगे, तब तक बेरोजगारी और भ्रष्टाचार भी बढ़ते रहेंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, "भारत में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है - और इसका सीधा रिश्ता "वोट चोरी" से है। जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है, तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोजगार और अवसर देना।" उन्होंने दावा किया कि भाजपा



चुनाव ईमानदारी से नहीं जीतती और वह "वोट चोरी" और संस्थाओं को कैद कर के सत्ता में बनी रहती है। उन्होंने कहा, "इसीलिए बेरोजगारी 45 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी है। इसीलिए नौकरियां घट रही हैं, भर्ती प्रक्रियाएं ध्वस्त हो गई हैं और युवाओं का भविष्य अंधेरे में धकेला जा रहा है। इसीलिए हर परीक्षा पेपर लीक और हर भर्ती भ्रष्टाचार की कहानियों से जुड़ी रहती है।" कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, "देश का युवा मेहनत करता है, सपने देखता है और अपने भविष्य के लिए संघर्ष करता है। लेकिन मोदी जी सिर्फ अपने पीआर, 'सेलिब्रिटीज' से अपना गुणगान करवाने और अरबपतियों के मुनाफे में व्यस्त हैं। "

**कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि बेरोजगारी और "वोट चोरी" का सीधा संबंध है तथा अब भारत को अब इन दोनों से मुक्त कराना ही अब सबसे बड़ी देशभक्ति है।**

राहुल गांधी ने दावा किया कि युवाओं की उम्मीदों को तोड़ना और उन्हें हताश करना इस सरकार की पहचान बन चुकी है। उनका कहना, "अब हालात बदल रहे हैं। भारत का युवा समझ चुका है कि असली लड़ाई सिर्फ नौकरियों की नहीं, बल्कि "वोट चोरी" के खिलाफ है, क्योंकि जब तक चुनाव चोरी होते रहेंगे, तब तक बेरोजगारी और भ्रष्टाचार भी बढ़ते रहेंगे।" उन्होंने दावा किया, "अब युवा न नौकरी की लूट सहेंगे, न वोट की चोरी। भारत को बेरोजगारी और वोट चोरी से मुक्त करना ही अब सबसे बड़ी देशभक्ति है।"

## क्या टूट जाएगी दो लड़कों की जोड़ी, राहुल-तेजस्वी साथ या होंगे जुदा आ गई फैसले की घड़ी

**बिहार (एजेंसी):** कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे बिहार आ रहे हैं. आरजेडी के साथ सीट शेयरिंग, सीएम और डिप्टी सीएम पद को लेकर महागठबंधन में बवाल मचा हुआ है. आरजेडी तेजस्वी यादव को सीएम फेस घोषित कर बिहार चुनाव में उतरने का दवाब बना रही है. लेकिन कांग्रेस को यह मंजूर नहीं है. ऐसे में बड़ा सवाल यह कि वोटर अधिकार यात्रा में जो राहुल गांधी और तेजस्वी यादव साथ-साथ नजर आए थे, क्या बिहार चुनाव में दोनों के रास्ते जुदा-जुदा हो जाएंगे? क्या 24 सितंबर को तय हो जाएगा कि बिहार में कांग्रेस आरजेडी के साथ लड़ेगी । अकेले या किसी दूसरे गठबंधन के साथ मैदान में उतरेगी? बिहार विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है. कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम क्यों कह रहे हैं कि पटना की धरती से ह्यआजादी की दूसरी लड़ाईह्ल शुरू होगी. क्या सीटों को लेकर कुछ बड़ा होने वाला है? क्या आरजेडी और कांग्रेस का साथ छूटने वाला है? एक तरफ राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की ह्यदो लड़कों की जोड़ीह्ल सार्वजनिक मंचों पर साथ-साथ नजर आ रही है, वहीं दूसरी तरफ सीटों के बंटवारे और मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के पद को लेकर खींचतान चल रही है. ऐसे में सदाकत आश्रम में एक बड़ी बैठक बुलाई है,



जिसमें सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी जैसे दिग्गज मिलकर बड़ा फैसला लेंगे. राहुल-तेजस्वी की केमिस्ट्री और सीटों का गणित पिछले दिनों राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ह्यवोटर परिवर्तन यात्राह्ल में साथ-साथ नजर आए थे. दोनों नेताओं के बीच की केमिस्ट्री भी लोगों को पसंद आई थी. लेकिन, यह यात्रा खत्म होते ही सीटों के बंटवारे को लेकर महागठबंधन में बवाल मच गया है. कांग्रेस इस बार 2020 के मुकाबले यानी 70 सीट से भी अधिक सीटों की मांग कर रही है. वहीं, तेजस्वी यादव इस बार किसी भी

**बिहार चुनाव से पहले महागठबंधन में सीट शेयरिंग और पदों को लेकर खींचतान जारी है. 'दो लड़कों की जोड़ी' यानी राहुल और तेजस्वी एक तरफ साथ दिख रहे हैं, तो वहीं कांग्रेस की बड़ी बैठक**

हालत में 50 से ज्यादा सीटें कांग्रेस को देने के पक्ष में नहीं हैं. तेजस्वी यादव इस बार हर हालत में 150-160 सीटों पर आरजेडी कैंडिडेट्स उतारने का ऐलान कर चुके हैं. तकरीबन 10 सीटों में कांग्रेस, वीआईपी, लेफ्ट के लिए सीट छोड़ेंगे. इसी कारण महागठबंधन में बात नहीं बन रही है. क्योंकि वीआईपी भी 60 सीटों पर अपना प्रत्याशी उतारने का एक बार नहीं कई बार कर चुके हैं. क्या होगी कांग्रेस की रणनीति? कांग्रेस पार्टी का मानना है कि वोटर अधिकार यात्रा में राहुल गांधी की मिली लोकप्रियता के मुकाबले कम सीट देना पार्टी को मान्य नहीं होगा. कांग्रेस पार्टी को प्रदर्शन और राहुल गांधी की लोकप्रियता को देखते हुए ज्यादा सीटें मिलनी चाहिए. वहीं आरजेडी अपने ह्यबड़े भाईह्ल की भूमिका को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है. तेजस्वी यादव का मानना है कि पार्टी के जनाधार और उनके नेतृत्व को देखते हुए उन्हें ही ज्यादा सीटें मिलनी चाहिए. 24 सितंबर की बैठक में कांग्रेस की रणनीति का खुलासा हो सकता है. कांग्रेस बिहार में डिप्टी सीएम पद की मांग कर सकती है. अगर आरजेडी इसके लिए तैयार नहीं होती है, तो यह गठबंधन टूट भी सकता है. अगर कांग्रेस को लगता है कि उसे पर्याप्त सीटें नहीं मिल रही हैं, तो वह अकेले चुनाव लड़ने का फैसला भी ले सकती है, जैसा कि उन्होंने कुछ राज्यों में किया है. कांग्रेस के लिए सदाकत आश्रम में यह बैठक बहुत अहम है. क्योंकि, यह न सिर्फ बिहार चुनाव की दिशा तय करेगी, बल्कि यह भी तय करेगी कि कांग्रेस आने वाले समय में आरजेडी के साथ किस तरह का संबंध रखना चाहती है.

## संपादकीय

# कटौती का मलहम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के नाम दिए गए संबोधन में जीएसटी यानी वस्तु व सेवा कर की नई दरों का ऐलान किया और इसे त्योहारी मौसम का बचत उत्सव बताया। गरीब, मध्यवर्गीय, नियो मिड़िल क्लास, युवा, किसानों, महिलाओं, दुकानदारों व उद्यमी सबको इस बचत उत्सव से फायदा होने की भी बात की। तकरीबन उन्नीस मिनट के इस संबोधन में मोदी ने माना कि देश में दर्जनों टैक्स थे। उन्हें टैक्स जंजाल बताते हुए कहा कि नई जीएसटी दरों से व्यापार आसान होगा, रोजमर्रा की चीजें सस्ती होंगी और आयकर में छूट मिलेगी, जिससे ढ़ाई लाख करोड़. रुपये की बचत के अवसर मिलेंगे। विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए सूक्षम, लघु व मध्यम और देश में बनी चीजों को प्राथमिकता देने पर भी मोदी ने बल दिया। असल सवाल है कि इन बदलावों के पीछे देश की आर्थिक जरूरत है या यह सिर्फ राजनीतिक मुनाफे के मद्देनजर किए गए हैं। खाने-पीने की चीजों में मामूली कमी से बेतहाशा बढ़ी मंहगाई तो कम नहीं होने वाली। बीमा प्रीमियम व गाड़ि़यों की कीमत पर पड़ऩे वाले असर का लाभ लेने वालों की संख्या सीमित होती है। हालांकि बीमा कंपनियों को इससे ज्यादा फायदा नहीं हो रहा। अर्थ-विशेषज्ञों के अनुसार, जीएसटी में बहुत अनियमितताएं थीं, जिन्हें सरकार को बहुत पहले सुधारना था। मगर बिहार चुनाव के मद्देनजर मोदी सरकार द्वारा उठाया गया यह राजनीतिक दांव हो सकता है। मोदी पर विश्वास जताने वाले बड़े.मध्यवर्ग से लेकर आर्थिक रूप से कमजोर तबका बढ़ती महंगाई से बुरी तरह त्रस्त है। त्योहारी मौसम में जनता की क्रय क्षमता कई गुना बढ़ जाती है। स्वदेशी उत्पादों को महत्त्व देने की बात मोदी पहले भी करते रहे हैं। अमेरिकी सरकार द्वारा धमकीस्वरूप सर्वाधिक टैरिफ लादने के बाद से देश में निर्मित चीजों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की जरूरत स्वंय सरकार महसूस रही है। इसके लिए विभिन्न अवरोधों व लालफीताशाही को रोकना होगा। सरकार को 2024 तक राजस्व का 70प्र. हिस्सा जीएसटी के 18प्र. वाले स्लैब से प्रप्त हुआ था। उम्मीद से कहीं अधिक यानी बीते वित्त वर्ष में बीस लाख करोड़.रुपये की वसूली कर सरकार के वारे-न्यारे हो गए। मुफ्त की योजनाओं के बूते सीमित संख्या में जनता को प्रलोभन देने की बजाए हर नागरिक तक कटौती का लाभ देने की इस पहल के नतीजे बेहतर होने की उम्मीदों पर संदेह नहीं किया जाना चाहिए।



## चिंतन-मनन

# मौन का तन मन की सुन्दरता के लिये महत्व

प्रत्येक मनुष्य सुन्दर एवं स्वस्थ्य रहना चाहता है। सुन्दरता एवं स्वस्थ्य का राज मौन मे छिपा हुआ है। सामान्यतः चुप रहना मौन है, प्राचीन पुराण बचन के साथ ईष्या, डाह, छल, कपट और हिन्सा को कम करना मोन होता है। मनोवैज्ञानिक 'फ्रायड' का कहना है कि जीवन अन्तर्द्वद्वी शृंखलाओं से मिल कर बना है। अन्तर्द्वद्व दो या दो से अधिक विरोधी इच्छाओं का एक साथ उत्पन्न होना है। ये असीम इच्छायें पूर्ण न होने पर तनाव नामक बीमारी देती है। जिससे आज के अधिकांस व्यक्ती ग्रासित है। अन्तर्द्वद्व में फंसे व्यक्ति की स्थिति कई विपरीत दिशाओं से आने वाली नदियों के पानी के साथ मिलने से भॅवर बनती है कि जैसी हो जाती है। भॅवर में फसे व्यक्ति को न बैठे शांति मिलती है न लेटे, न भूख लगती है, न प्यास, न ही ध्यान अध्ययन में मन लगता है। याददास्त क्षमता कम हो जाती है। हार्ट अटेक, आत्म हत्या भी इसी कारण करते हैं।

हर मनुष्य अन्नत शक्तिमान है। यह शक्ति मन एवं पाचों इन्द्रियों के कार्यो में खर्च होती है। मन एवं इन्द्रियों को बस मे करने का कार्य 'मौन' करता है। मौन रहने से मनुष्य के अन्दर की छुपी हुई शक्ति उदय हो जाती है। आज के कल युग में इनद्रिय विषय-भोगों की सामग्री में वहुत वृद्धि हूई है जिसे अपनाने पर इक्छा शक्ति में अधिक बृद्धि हो रही है। जो टेन्सन को जन्म देती है। अतः आज टेन्सन बड़ी बीमारी हो गई है। जो भी व्यक्ति अधिक बोलते है उनके मुख में रहने वाला पाचक रस सूख जाता है। मानसिक सन्तुलन खो जाता है, हृदय गति तेज हो जाती है। मान इन सब परेशानियों से बचने की राम वाण औषधी है। दिन में एक घण्टा मौन रहने पर दो घण्टे की कार्य क्षमता में बृद्धि होती है। रक्त प्रवाह सामान्य स्वस्थ्य होता है, तन, मन, सुन्दर बनता है। अतः संयमित वोल मान को जीवन में अपनाना चाहिये।

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

# नीतीश कुमारः बिहार की राजनीति के अनिश्चितता के बादशाह



दिलीप कुमार पाठक

बिहार की राजनीति की ग्रह - दिशा कुछ भी हो, कोई भी राजनीतिक हलचल हो नीतीश कुमार को कोई भी हल्के में नहीं ले सकता। बीते कुछ सालों से नीतीश कुमार की गतिविधियों को देखकर उनके चाहने वाले उनके लिए चिंतित रहते हैं, कुछ तो उनकी मानसिक स्थिति को लेकर भी परेशान दिखते हैं, हालांकि यहां विषय नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर नहीं है, यहां चर्चा नीतीश कुमार की राजनीतिक शख्सियत की है, जेडीयू एवं उनकी राजनीतिक ताकत की है। नीतीश कुमार कई बार पलटी मारने के बावजूद भी राजनीतिक अछूत नहीं हैं, उनका अपना कद है। भले ही तेजस्वी एवं आरजेडी नीतीश कुमार को पलटू चाचा कहते हों परंतु नीतीश कुमार से इनका मोह जगजाहिर है, नीतिश कुमार को उन्होंने कभी नहीं छोड़ा, नीतीश कुमार ने ही हमेशा नैतिकता के आधार पर छोड़ा है। यही बात भाजपा के साथ भी रही है, भाजपा ने नीतीश कुमार को कभी नहीं छोड़ा, हमेशा नीतीश कुमार ने ही दूरी बनाई है जब भी बनाई है। जब प्रशांत किशोर कहते हैं कि तेजस्वी यादव एवं नीतीश कुमार में कोई तुलना नहीं हो सकती, तमाम असहमति के बाद भी दोनों में मुझे ?क को चुनना पड़े तो मैं हमेशा नीतीश कुमार को चुनूंगा, ये प्रशांत किशोर का कोई राजनीतिक हित नहीं अपितु नीतीश कुमार की शख्सियत को एवं उनके प्रभाव को दशार्ता है। बिहार चुनावो में पिछले कई बार से देखा गया है कि जेडीयू की सीटें भले ही कम जीत पाती हो परंतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही बनते हैं, इससे पीछे आरजेडी एवं भाजपा की महानता नहीं है कि वे नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बना देते हैं, बल्कि उनकी मजबूरी छुपी हुई है, चूंकि नीतीश कुमार की छवि सुशासन बाबू की है। उनके ऊपर कोई परिवारवाद का आरोप नहीं लगा सकता। कांग्रेस, भाजपा, आरजेडी की तुलना में व्यक्तिगत रूप से नीतीश कुमार बेदाग माने जाते हैं, वहीँ बिहार के सारे दलों के नेताओं में नीतीश कुमार के लिए सम्मान सद्भावना भी है, यही कारण है कि उनकी उम्र के दिग्गज नेता सुशील कुमार मोदी हमेशा नीतीश कुमार के डिप्टी बनकर रहे और हमेशा उन्होंने नीतीश कुमार को इज्जत अफजाई की। यही बात आरजेडी के लिए भी है, नीतीश कुमार 90 के दशक से हमेशा लालू प्रसाद यादव के धुर विरोधी रहे हैं परंतु जब - जब नीतीश कुमार को जरूरत पड़ी है तब - तब लालू यादव आरजेडी सहित नीतीश कुमार के लिए खड़े हुए हैं।

वहीँ भाजपा के लिए नीतीश कुमार बिहार में एक खेवनहार की भूमिका में रहते हैं, भाजपा को पता है कि अगर नीतीश कुमार से अलग होकर भाजपा चुनाव में उतरी तो उसकी पराजय के साथ दुर्गति हो जाएगी, यही कारण है कि भाजपा नीतीश कुमार के कई बार पलटी मारने के बाद भी भाजपा कभी नीतीश के लिए विद्वेष नहीं दशार्ती, आलोचना बात अलग है कुछ अपवाद छोड़ दिया जाए तो यह भी सच है। आज केंद्र की सरकार में नीतीश कुमार का समर्थन है, भाजपा नीतीश कुमार की ताकत से वाकिफ है, यही कारण है कि महाराष्ट्र की तरह कोई राजनीतिक हलचल नहीं हो रही अन्यथा नीतीश कुमार केंद्र में सरकार को अस्थिर कार सकते हैं लेकिन नीतीश कुमार की बेदाग छवि सारे दलों को लुभाती है, और वो उनके लिए फायदेमन्द होती है, यही कारण है कि आरजेडी, भाजपा, कांग्रेस हमेशा नीतीश कुमार को सीएम बनाते हैं चूंकि नीतीश कुमार को दरकिनार करके सीएम बनाना भाजपा एवं आरजेडी के बस की बात नहीं है। प्रशांत किशोर के मैदान में उतरने के बाद ज़्यादा नुकसान एनडीए को होगा या महागठबंधन का ये तो कहना मुश्किल है परंतु नीतीश कुमार का फायदा होना तय है। परिस्थिति कोई भी हो, कोई भी राजनीतिक दल नीतीश कुमार को हल्के में नहीं ले सकता, अन्यथा नुकसान उनका ही होगा।

आरजेडी कांग्रेस के साथ सामंज्य स्थापित करते हुए बड़ी कठिन परिस्थितियों से गुजर रही है, वहीँ उनकी परिवारिक कलह उन्हें सत्ता से बहुत दूर ले जा सकती है। आरजेडी के पास नीतीश कुमार को पलटू चाचा कहने के अलावा कोई आरोप नहीं है, नीतीश कुमार सीएम बनने के लिए ही सीएम पद से इस्तीफा दे देते हैं, ये बात नेताओ के लिए बोलना आसान होती होगी, यही कारण है कि जनता में संदेश जाता है कि नीतीश कुमार को काम करने नहीं दिया जा रहा इसलिए वे पलटी मार जाते हैं, उनकी पलटी मारने की कला जनता एवं राजनीतिक दलों में घृणा कारण नहीं है। भाजपा फिर से एनडीए सरकार के नारे जरूर लगा रही है, परंतु नीतीश कुमार के बिना उनका सीएम बनना दिन में सपने देखने से कम नहीं होगा। बिहार में फि लहाल नीतीश कुमार के बिना भाजपा का सरकार बना पाना मुश्किल है, साथ ही आरजेडी कितना भी माहौल बनाए उन्हें पता है कि नीतीश कुमार को हल्के में लेने की भूल उन्हें सस्ता से बहुत दूर ले जाएगी... यही कारण है कि बिहार में किंग एवं किंग मेकर की भूमिका में लेवल और केवल नीतीश कुमार होंगे।

(लेखक पत्रकार हैं)

# लुत्फक उठाइए भविष्य के स्वाद का



चिराग पासवान

केंद्रीय मंत्री के रूप में सितंबर 2024 में मेरा पहला वर्ल्ड फूड इंडिया (डब्ल्यूएफआई) मेरे लिए यादगार अनुभव रहा। उन चार दिनों के दौरान, मैंने खेत से लेकर भोजन की थाली तक के पूरे इकोसिस्टलम : वैश्विक खरीदारों के साथ राज्यों के मंडप, प्रौद्योगिकी के प्रदर्शनों के साथ-साथ एफपीओ और एसएचजी, और निवेश घोषणाओं के साथ-साथ नीतिगत संवाद को - एक साथ आते देखा। इसने प्रधानमंत्री श्री नरेन्?द्र मोदीजी के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत को विश्वो की खाद्य टोकरी बनाने के एक रणनीतिक मंच के रूप में डब्ल्यूएफआई की भूमिका की पुष्टि की

उस अनुभव ने 2025 की रूपरेखा तैयार की। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की यात्राओं, उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ संवाद तथा गल्फूकड और डब्यूं स ईएफ जैसे वैश्विक मंचों पर भागीदारी से मेरी यह धारणा और ज्याकदा प्रबल हुई कि दुनिया को भारत की कृषि-खाद्य विविधता और क्षमताओं को देखने की जरूरत पहले से कहीं अधिक है। हमने अगले संस्करण को और भी ज्याखदा साहसिक और परिणाम-केंद्रित बनाने, नवाचार को निवेश में बदलने और भारत को विश्वसनीय वैश्विक खाद्य केंद्र के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया।

इस महत्वाकांक्षा को नीतिगत अनुकूल परिस्थितियों, खासकर अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से बल मिला है। अधिकांश प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर पाँच या शून्य प्रतिशत कर लगाकर, इन सुधारों ने इस क्षेत्र के लिए अनुकूल और प्रतिस्पर्धी माहौल तैयार किया है। इस पृष्ठभूमि के साथ, हम 25 से 28 सितंबर तक डब्ल्यूएफआई 2025 की मेजबानी के लिए तैयार हैं। इसका उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री करेंगे, जो इस क्षेत्र के लिए सरकार की उच्च प्राथमिकता को इंगित करता है। इस संस्करण में न्यूजीलैंड और सऊदी अरब भागीदार देश होंगे, जबकि जापान, संयुक्त अरब अमीरात, वियतनाम और रूस फोकस देश होंगे। सहकारी संघवाद का सशक्त उदाहरण प्रस्तुकत करते हुए 21 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश स्था नीय खूबियों की झलक दिखाने वाले मंडपों के साथ इस आयोजन को समृद्ध करेंगे। डब्ल्यूएफआई प्रमुख प्रदर्शनियों और बी2बी मंचों के साथ ही साथ, एफएसएसएआई द्वारा तीसरे वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन और एसईएआई द्वारा 24वें इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो की मेजबानी करेगा।

डब्ल्यूएफआई पूरी तरह सरकारी तंत्र की शक्ति से संचालित होता है। जहाँ एक ओर, हमारा मंत्रालय नेतृत्व करता है, वहीं हम मूल्य श्रृंखला के सभी मंत्रालयों जैसे - पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य पालन, वाणिज्य, डीपीआईआईटी, कृषि एवं किसान कल्याण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय और उनके अधीन एजेंसियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं ताकि उत्पादन, मानक, व्यापार और निवेश आपसी तालमेल से आगे बढ़ सकें।

डब्ल्यूएफआई का एजेंडा पाँच प्रमुख स्तंभोंः स्थिरता और नेट-जीरो खाद्य प्रसंस्करण; वैश्विक खाद्य प्रसंस्करण केंद्र के रूप में भारत; खाद्य प्रसंस्करण, उत्पाद और पैकेजिंग प्रौद्योगिकियों में अग्रणी; पोषण और स्वास्थ्य के लिए प्रसंस्कृत खाद्य तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने वाले पशुधन एवं समुद्री उत्पाद-पर आधारित है। प्रत्येक स्तंभ को विशेष रूप से तैयार किए गए सत्रों, बी2बी बैठकों और अपनाने के तरीकों के साथ जोड़ा गया है, ताकि भागीदारी चर्चा से आगे कार्यान्वयन तक बढ़ सके।

पीएमएफएमई लघु-उद्यमियों की उल्लेखनीय सफलता डब्ल्यूएफआई के प्रभाव को दशार्ती है। निःशुल्क स्टॉल उन्हें आयोजन के केंद्र में बनाए रखते हैं, जिससे उनका घरेलू और वैश्विक दिग्गजों के साथ जुड़ाव संभव होता है। उनकी भागीदारी से करोड़ों के व्यापारिक ऑर्डर और स्थायी साझेदारियाँ प्राप्त हुई हैं। इस वर्ष भी कई उद्यमी लौट रहे हैं, क्योंकि हम गर्व सहित भारत के सबसे छोटे खाद्य उद्यमियों के लिए भी समान अवसर सुनिश्चित करते हैं।

डब्ल्यूएफआई का मुख्यह आकर्षण सीईओ गोलमेज चर्चा है, जहाँ उद्योग जगत के दिग्गलज, निवेशक और नीति निमार्ता सहयोग को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए रणनीतिक संवाद में भाग लेते हैं। उल्लेखनीय है कि 2024 में यहाँ उठाए गए जीएसटी संबंधी मुद्दों ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों को जन्म दिया, जो हमारी सरकार के परामर्शी और उत्तरदायी दृष्टिकोण को दशार्ता है।

सही मायनों में समग्र होने के लिए, डब्ल्यूएफआई होरेका और एल्कोबेव क्षेत्रों सहित सभी हितधारकों को शामिल करता है और सभी उप-क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देता है। हम जैविक और टिकाऊ उत्पादों से समृद्ध अपने पूर्वोत्तर क्षेत्र को भी प्रमुखता दे रहे हैं। इसका मंडप पूर्वोत्तर को वैश्विक स्तर पर भारतीय जैविक ब्रांडों के लिए लॉन्चपैड बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए असम की चाय से लेकर मेघालय की हल्दी तक सब कुछ प्रदर्शित करेगा।

डब्ल्यूएफआई की विश्वसनीयता इसके काम के प्रदर्शन पर आधारित है। 2017 से, इसने 38,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश हासिल किया है। 2024 के संस्करण में 1,500 से ज्यादा प्रदर्शक और 20 कंट्री पेवेलियन शामिल हुए, जिससे 93 मिलियन डॉलर के व्यापारिक ऑर्डर मिले। 50 से ज्यादा नई प्रसंस्करण इकाइयों का उद्घाटन किया गया, 25,000 लघु उद्यमों को सब्सिडी दी गई और 245 करोड़ रुपये के शुरूआती निवेश से एसएचजी की 70,000 महिलाओं को मदद मिली। 1,100 से ज्यादा क्यूआर-कोडेड अचार की किस्मों वाली एक वॉल, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है, छोटे उत्पादकों के लिए सीधी बाजार पहुँच को दशार्ती है। ये उपलब्धियाँ डब्ल्यूएफआई को निवेश, नवाचार और समावेशी विकास के एक सतत इंजन के रूप में रेखांकित करती हैं।

डब्ल्यूएफआई के लिए सबसे मजबूत समर्थन खुद उद्योग जगत से ही आता है। प्रदर्शनी के लिए बुक किया गया कुल क्षेत्रफल 43% बढ़कर, एक साल में 70 हजार वर्ग मीटर से बढ़कर 1 लाख वर्ग मीटर हो गया है, जो विकास और साझेदारी के लिए बाजार के इस प्लेटफॉर्म पर अपार विश्वास को इंगित करता है। वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 एक सरल तर्क : जब नवाचार निवेश और मानकों से मिलता है, तो समृद्धि अपने आप आती है - को साकार करता है। यही वह स्थालन है, जहाँ एक स्टार्ट-अप अंतर्राष्ट्री य निवेशकों के सामने अपना आ?इडिया प्रस्तुसत कर सकता है, एक एसएचजी ऑर्गेनिक अचार के लिए खरीदार ढूंढ सकता है, और राज्य बहुराष्ट्रीय संयंत्रों को आकर्षित कर सकते हैं। जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है, भारत की खाद्य विविधता प्रत्येक वैश्विक निवेशक के लिए लाभांश है। खाद्य प्रसंस्करण ही वह कड़ी है, जो इस क्षमता को रोजगार, किसानों की बेहतर आमदनी और अधिक मूल्यवर्धित निर्यात में बदल देती है।

सभी पाठकों, हितधारकों और शुभचिंतकों के लिएः वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में हमारे साथ जुड़िए और इस बात के साक्षी बनिए- कि किस प्रकार 1.4 बिलियन आबादी वाला राष्ट्र तकनीक, नवाचार और समर्पण से ह्ल समृद्धि के लिए प्रसंस्क रणह्न कर रहा है। तो तैयार हो जाइए एक ऐसे आयोजन के लिए - जहाँ साहसिक दृष्टिकोण और शानदार स्वाद मिलकर संभावनाओं की एक नई दुनिया को प्रेरित करते हैं।

# अमेरिकी आत्मघाती वीजा बंदिशें, भारत के नये अवसर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर के पेशेवरों, खासकर भारतीयों के सपनों पर एक नई काली छाया डाल दी है, उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया है एवं एक बड़ा संकट खड़ा दिया है। 21 सितंबर की रात 12 बजे के बाद अमेरिका में प्रवेश करने वालों को एच1बी वीजा प्राप्त करने के लिए लगभग एक लाख डॉलर यानी करीब 88 लाख रुपये सालाना शुल्क देना होगा। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा, प्रतिभा-प्रवास और अमेरिका-भारत संबंधों पर गहरा प्रभाव डालने वाला कदम है। अमेरिका के इस कदम के बाद भारत को अपनी आत्म-निर्भरता, स्वदेशी भावना एवं देश की प्रतिभाओं का देश में ही उपयोग को बल देना होगा। भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने के साथ अवसरों की भूमि बन रहा है। इसलिये अमेरिका के निर्णय से ज्यादा परेशान होने की बजाय इसको सकारात्मक दृष्टि से लेने की जरूरत है।




निश्चित ही अमेरिका दशकों से अवसरों की भूमि माना जाता रहा है। यहां आने का सपना रखने वालों के लिए एच1बी वीजा एक सुनहरा टिकट एवं उन्नत जीवन का आधार रहा है। हर साल हजारों भारतीय इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ इस वीजा के माध्यम से अमेरिका जाकर अपने सपनों को साकार करते रहे हैं। सिलिकॉन वैली की चमक और वहां भारतीय प्रतिभाओं का वर्चस्व इसका जीता-जागता प्रमाण है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम और फेसबुक जैसी दिग्गज कंपनियों में उच्च तकनीकी पदों पर भारतीय मूल के लोगों की उपस्थिति सर्वाधिक है। भारतीय आईटी पेशेवरों के बिना अमेरिकी तकनीकी जगत की कल्पना करना कठिन है। एच-1 बी वीजा की फीस में अप्रत्याशित वृद्धि का फैसला भारतीय आइटी कंपनियों के साथ अमेरिकी हितों को भी चोट पहुंचाने वाला है। इनमें आइटी सेक्टर से इतर क्षेत्र की कंपनियां भी हैं। इसका प्रमाण यह है कि उनके फैसले की आलोचना अनेक अमेरिकी ही कर रहे हैं। यदि ट्रंप यह सोच रहे हैं कि एच-1बी वीजा धारकों की फीस एक हजार डालर से एक लाख डालर सालाना करने से भारतीय और अमेरिकी कंपनियां अमेरिका के युवाओं को नौकरी देने के लिए बाध्य हो जाएंगी तो यह उनकी भूल है, क्योंकि इन कंपनियों को जैसे और जितने सक्षम युवा पेशेवर चाहिए, वे अमेरिका में हैं ही नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति यह भी भूल रहे हैं कि अमेरिका के आर्थिक विकास में अप्रवासियों विशेषतः भारतीय प्रतिभाओं का सर्वाधिक योगदान है और यह केवल पेशेवर लोगों का ही नहीं, बल्कि कामगारों का भी है।

भले ही ट्रंप प्रशासन का यह आदेश उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति की अगली कड़ी है। उनका तर्क है कि विदेशी पेशेवर सस्ते श्रम के रूप में अमेरिकी नागरिकों की नौकरियां छीन रहे हैं। शुल्क इतना अधिक करके वे चाहते हैं कि केवल वही विदेशी पेशेवर अमेरिका आएं, जो न केवल उच्च योग्यता रखते हों बल्कि भारी शुल्क अदा करने की क्षमता भी रखते हों। लेकिन यह कदम अमेरिका के लिये ही आर्थिक दृष्टि से आत्मघाती साबित हो सकता है, क्योंकि अमेरिकी कंपनियों को उच्च कौशल वाले पेशेवरों की भारी जरूरत है और भारतीय आईटी पेशेवरों की कमी वहां सीधे तौर पर नवाचार और प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करेगी। ट्रंप के फैसले को आपदा नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देखना चाहिए।

पहले भारतीय प्रतिभा अमेरिका की ओर बहती थी, अब यह प्रवाह कनाडा, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर की ओर मुड़ सकता है। छात्र और युवा पेशेवर पहले से ही अमेरिकी वीजा नीतियों को लेकर असमंजस में रहते थे। अब यह आदेश उनके आत्मविश्वास और योजनाओं को और झकझोर देगा। हालांकि एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि कई युवा भारत में ही स्टार्टअप्स, शोध और नई तकनीक के क्षेत्रों में काम करने की ओर आकर्षित होंगे। भारत पर इस नीति का असर केवल युवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापक सामाजिक-आर्थिक असर डाल सकता है। भारतीय आईटी कंपनियां जैसे इन्फोसिस, टीसीएस, विप्रो आदि अमेरिका में बड़े पैमाने पर कार्यरत हैं। एच1बी वीजा पर निर्भरता ज्यादा होने के कारण उनका खर्च बढ़ेगा और प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी। भारतीय पेशेवर हर साल अरबों डॉलर भारत भेजते हैं, वीजा बाधाओं से यह प्रवाह घटेगा। हजारों भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा लेकर वहीं काम करने का सपना देखते हैं। अब शुल्क की बाधा उनके लिए अमेरिका को कम आकर्षक बनाएगी। साथ ही भारत में ही वैश्विक स्तर के शोध और नवाचार केंद्र विकसित करने की संभावना भी बढ़ेगी।

अमेरिका और भारत के संबंध बीते दो दशकों में आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी सहयोग की नई ऊँचाइयों पर पहुंचे हैं। अमेरिका ने भारत को रणनीतिक साझेदार माना है। रक्षा, व्यापार और तकनीक में गहरे संबंध बने हैं और भारतीय प्रवासी अमेरिकी राजनीति और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन ट्रंप के निर्णय से यह संदेश गया है कि अमेरिका भारत को साझेदार तो मानता है, लेकिन जब घरेलू राजनीति का दबाव आता है तो साझेदारी पीछे छूट जाती है। भारत-अमेरिका संबंधों का आधार लोगों से लोगों का संपर्क रहा है। यदि भारतीय पेशेवर अमेरिका में कम होते हैं तो यह आधार कमजोर होगा। इन जटिल से जटिलतर होती स्थितियों में भारतीय कंपनियों को देश में ही अपना कारोबार बढ़ाने के जतन करने चाहिए, क्योंकि आने वाले समय में ट्रंप कुछ और ऐसे कदम भारतीय हितों को आहत करने वाले उठा सकते हैं। उन्होंने भले ही टैरिफ के मामले में लचीला रवैया अपनाते हुए भारत से शीघ्र व्यापार समझौता होने की संभावना जताई हो, लेकिन वे अब भी भारतीय हितों के विपरीत काम करते दिख रहे हैं। वे केवल यही दबाव नहीं बना रहे कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करे, बल्कि उन्होंने ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारत के लिए मुसीबत खड़ी करने का काम किया है। ट्रंप अपने फैसलों को इस रूप में रेखांकित कर रहे हैं कि उनसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पंख लग जाएंगे, लेकिन आठ माह का उनका कार्यकाल उनकी नाकामी ही बयान कर रहा है।

चौंकाने वाले फैसले लेना भले ही ट्रंप की आदत हो, लेकिन सेवा क्षेत्र में पहली बार अपनी संरक्षणवादी नीति के दर्शन करा, वह भूल रहे हैं कि अमेरिका को बनाने में अप्रवासियों की बड़ी भूमिका रही है। सिलिकॉन वैली के करीब एक-तिहाई टेक-कर्मचारी भारतीय मूल के हैं। फॉर्च्यून 500 की लगभग डेढ़ दर्जन कंपनियों में शीर्ष पर भारतीय बैठे हैं, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था के इंजन भी हैं। 2024 में 72 यूनिकॉर्न स्टार्टअप भारतीय मूल के लोगों के थे, जिनका कुल मूल्य करीब 195 अरब डॉलर आंका गया था। इन कंपनियों में अमेरिकी भी काम करते हैं। अमेरिकी आबादी में बमुश्किल डेढ़ फीसदी होने के बावजूद भारतीय पांच से छह फीसदी कर अदा करते हैं। नैसकॉम का यह कहना उचित ही है कि एच-1बी वीजा जैसे फैसलों का नकारात्मक असर अमेरिका में नवाचार के माहौल और रोजगार आधारित अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

दुनिया के अन्य देशों की नीतियों से तुलना की जाए तो कनाडा प्रवासी पेशेवरों और छात्रों को आकर्षित करने के लिए वीजा और स्थायी निवास की नीतियों को सरल बना रहा है। जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया तकनीकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए रेड कार्पेट बिछा रहे हैं, जबकि अमेरिका उल्टा रास्ता चुन रहा है जो दीर्घकाल में उसे वैश्विक प्रतिभा की कमी की ओर धकेल सकता है। भारत के लिए यह अवसर है कि वह प्रतिभाओं के पलायन को रोकने के लिए अपनी नीतियों और बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाए। शिक्षा, शोध और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देकर भारत अमेरिका के विकल्प के रूप में उभर सकता है। अमेरिका के लिए यह कदम उसके उस आदर्श को धूमिल करेगा जिसके अनुसार वह इमिग्रेशन की भूमि कहलाता है और उसकी वैश्विक नेतृत्व क्षमता को कमजोर करेगा। रवींद्रनाथ टैगोर की ये पंक्तियाँ यहां सार्थक लगती हैं-ह्लस्वतंत्रता वह है, जहां ज्ञान निर्भय होता है और दुनिया सीमाओं से विभाजित नहीं होती ह्व अमेरिका की यह दीवार प्रतिभा की उड़ान को थाम नहीं पाएगी। भारतीय युवाओं को अब अपने ही देश को अवसरों की भूमि में बदलना होगा।

# नवरात्रों में माता के मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

## पूजा अर्चना के लिए तीसरे दिन भी लगीं लंबी कतारें





**धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):-** इन दिनों से माता के नवरात्रें चल रहें हैं, आज माता के नवरात्रों का तीसरा दिन है और नवरात्रों के तीसरे दिन माता चन्द्रघंटा का वृत माना जाता है,नवरात्रों के तीसरे दिन भी माता के मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखने को मिल रही है, मां की पूजा अर्चना के लिए माता के मंदिरों में भक्तों को लंबी कतार में खड़े रहकर इंतजार करना पड़ रहा है।जिसके चलते गजरौला के गांव सलेमपुर गोसाईं में आज तीसरे नवरात्रे में भी भक्तों की भीड़ की लंबी कतार देखने को मिली। भक्ति मय लोगों को लाइन में घंटों तक खड़े रहकर पूजा अर्चना के इंतजार करना पड़ा। मंगलवार को मंदिर में लगी भक्तों की लाईन कोई हाथ में पूजा की थाली लेकर खड़ा था तो कोई माता को दूध एवं गंगा जल से स्नान कराने के लिए हाथ में जल का लोटा लेकर खड़ा पाया गया। बता दें कि नवरात्रि का तीसरा दिन देवी चंद्रघंटा की पूजा को समर्पित है, जो शक्ति की तीसरी देवी हैं और शिव से विवाह के बाद उनके माथे पर अर्धचंद्र धारण करती हैं, जिससे उन्हें यह नाम मिला है। मां चंद्रघंटा का रूप अलौकिक, तेजस्वी और ममतामयी माना जाता है। उनकी पूजा से साधक को सुख, शांति, और समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है, और वह आत्मविश्वास व साहस से भर जाते हैं।

# नवरात्रि के द्वितीय दिवस पर महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान का आयोजन




**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले में नवरात्रि के द्वितीय दिवस पर महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 (नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन) अभियान व सितंबर माह में 16 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान सेवा पखवाड़ा 2025 स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रोबेशन अधिकारी महोदय के निदेर्शानुसार हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन से सहायक लेखाकार अपूर्वा ब्लॉक गंगेश्वरी के ग्राम पौरारा में किया गया। सहायक लेखाकार अपूर्वा द्वारा महिलाओं के लिए चल रहे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 181( महिला हेल्पलाइन नंबर) 1090 (वूमेन पावर लाइन) 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा) 108 (एम्बुलेंस सेवा) 1098 (चाइल्ड लाइन) की जानकारी प्रदान की गई एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, निराश्रित विधवा पेंशन योजना ,सखी वन स्टॉप सेंटर आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ा गया। इस अवसर पर अपूर्वा, सहायक लेखाकार, वन स्टॉप सेंटर की पैरामेडिकल नर्स ,अनुराधा भारती एवं प्रियंका एवं चंद्रजीत व ग्राम प्रधान एवं पंचायत सहायक एवं आगनबाडी उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन क्लीन 2 के अन्तर्गत थाना सैदनगली में कुल 5 लावारिस वाहनो की निलामी की गयी

## नीलामी से 30,000/- की राजस्व की प्राप्ति





**सैदनगली/अमरोहा (सब का सपना):-** थाना परिसर व परिसर के बाहर बेतरतीब तथा बेहिसाब संख्या में दो पहिया व चार पहिया वाहन खड़े रहते हैं। इन वाहनों से थाने की काफी अधिक भूमि व्यर्थ हो जाती है व दैनिक थाना कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होता है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा जिले के सभी थानों के भ्रमण के दौरान पाया गया कि थाना परिसर में लम्बे समय से काफी संख्या में लावारिस, मालमुकदमाती व एम0वी0 एक्ट में सीजशुदा वाहन खड़े हैं । जो धूप, गर्मी, बरसात की वजह से जंग लगकर धीरे-धीरे नष्ट हो रहे हैं। जिस कारण से न्यायिक प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न होता है साथ ही राष्ट्रीय सम्पत्ति की हानि हो रही है। वाहनों के क्षरण के कारण थाना परिसर में रहने व आने-जाने वालो व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव की सम्भावना बनी रहती है। थाना परिसर में लम्बे समय से खड़े वाहनों के सम्बन्ध में समय-समय पर न्यायालय द्वारा निर्देश दिये गये है। उच्चतम न्यायालय में स्पेशल लीव पिटीशन (क्रिमिनल) सं0 2745/2002 सुन्दर भाई अम्बालाल देसाई बनाम गुजरात राज्य में प्रदत्त व्यवस्था के क्रम में थाने में खड़े वाहनों के निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक अमरोहा के निर्देश पर थाने पर खड़े माल मुकदमाती व अन्य वाहनों के निस्तारण हेतु जनपद में 'आपरेशन क्लीन-2' प्रारम्भ किया गया। 'आपरेशन क्लीन-2' के अन्तर्गत सभी थानों को चरणबद्ध एवं समयबद्ध लक्ष्य दिया गया। सक्षम न्यायालय से आदेश प्राप्त कर 'आपरेशन क्लीन' के अन्तर्गत कार्यवाही प्रचलित है। मंगलवार को क्षेत्राधिकारी हसनपुर दीप कुमार पंत एवं प्रभारी थाना सैदनगली विकास कुमार, नयाब तहसीलदार मनौज सिंह की गठित कमेटी द्वारा थाना सैदनगली में कुल 05 लावारिस वाहनो की निलामी की गयी जिसमें निलाम वाहनों (मो0 सा0 झ्र 04 व स्कुटी -01) की नीलामी थाना सैदनगली परिसर में विधि सम्मत तरीके से करायी गयी । जिससे नीलामी की धनराशि कुल ड्ड30,000/- का राजस्व प्राप्त हुआ। जिसको राजकीय कोषागार में जमा कराया जायेगा।

# जीएसटी सुधार के बाद बाजार में पैदल निकली डीएम, व्यापारियों से लिया फीडबैक; ग्राहकों से की बात

## डीएम ने कारोबारियों से किया आग्रह उपहार स्वरूप घटी जीएसटी का लाभ ग्राहकों को अवश्य दें, इससे कारोबार और समृद्ध होगा





**अमरोहा (सब का सपना):-** नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म (अगली पीढ़ी के लिए जीएसटी सुधार) सोमवार से लागू हो गए। प्रदेश जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान के तहत जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने खुद व्यापारियों और ग्राहकों के बीच जनसंपर्क करके जानकारी ली। उन्होंने नगर पालिका से लेकर कोट चौराहा तक कारोबारी प्रतिष्ठानों में जाकर कारोबारियों और वहां मिले ग्राहकों से बात की, जीएसटी सुधारों पर उनकी प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने कारोबारियों से आग्रह किया सरकार से उपहार स्वरूप घटी जीएसटी का लाभ ग्राहकों को अवश्य दें जीएसटी रिफॉर्म जागरूकता अभियान के तहत डीएम ने नगर पालिका कार्यालय से कोट चौराहे तक पदयात्रा की। उन्होंने मार्ग पर स्थित कई दुकानों में जाकर व्यापारियों और ग्राहकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जीएसटी की घटी दरों को लेकर उनसे संवाद किया। उन्हें व्यापारियों और प्रतिष्ठान संचालकों से कहा कि जीएसटी की घटी दरों का लाभ ग्राहकों को जरूर दीजिए। इससे आपका कारोबार और समृद्ध होगा। इस दौरान डीएम सबसे पहले वी मार्ट स्टोर पहुंची। उन्होंने वहां मौजूद स्टाफ से कपड़े और कुछ सामानों के बारे पूछा कि जीएसटी में कितनी कमी आई है। यह बताए जाने पर कि 12 प्रतिशत घटकर 5 प्रतिशत हो गया है, डीएम ने कहा कि इससे आपका बाजार और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को कम हुई जीएसटी का फायदा जरूर दीजिए। उपस्थित स्टाफ ने बताया कि जीएसटी कमी का लाभ दिया जाना शुरू कर दिया गया है। इस दौरान उन्होंने ग्राहकों को दी जाने वाली बिल रसीद पर भी घटी हुई दर की जांच की। इसके बाद जिलाधिकारी पैदल चलकर न्यू सुपर किराना स्टोर पर पहुंची यहां उन्होंने दुकानदार से जीएसटी की कम हुई दरों पर संवाद किया। इसके बाद वह चतुवेर्दी बेकरी पर पहुंची और कंफेक्शनरी पर घटी जीएसटी के बारे में जानकारी ली। दुकानदार ने बताया कि कम हुई कीमतों का लाभ उन्होंने ग्राहकों को देना शुरू कर दिया है। व्यापारियों और ग्राहकों से संपर्क और संवाद के क्रम में डीएम ने दुकानदारों से कहा कि जीएसटी दरों में कमी को लेकर ग्राहकों को आप लोग खुद भी जागरूक करिए। इससे ग्राहक को फायदा होगा ही, आपका भी बाजार समृद्ध होगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, उपयुक्त राज्यकार राजेश मौर्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बहजोई पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**बहजोई/सम्भल(सब का सपना):-** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई और अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ. प्रदीप कुमार के नेतृत्व में बहजोई थाना पुलिस ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 23 सितम्बर को ग्राम वल्लमपुर, थाना बहजोई निवासी मी. जमील (पुत्र शाहबुद्दीन, उम्र 45 वर्ष) को भरण-पोषण संदाय के वारंट और कुर्की आदेश के तहत गिरफ्तार किया। इसके साथ ही ग्राम भूड नगलिया, थाना बहजोई निवासी भूरे (पुत्र उमराव, उम्र 56 वर्ष) को भी संबंधित मुकदमे में गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस का यह अभियान जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में प्रभावी कदम साबित हो रहा है।

# मोहम्मदाबाद में सुबह 5 बजे से अवैध देसी शराब की बिक्री, 30 रुपए से 50 रुपए तक ओवर रेटिंग से ग्राहक परेशान





**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले के मोहम्मदाबाद क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री का काला कारोबार जोरों पर है। स्थानीय लोगों की शिकायतों के अनुसार, देसी शराब की दुकानें सुबह के 5 बजे से ही खुल जाती हैं, जो कि सरकारी नियमों का खुला उल्लंघन है। निर्धारित समय सुबह 10 बजे से शाम 10 बजे तक शराब बिक्री की अनुमति है, लेकिन यहां अवैध ठेकेदारों द्वारा समय से 5 घंटे पहले ही बिक्री शुरू कर दी जाती है। इससे न केवल कानून का पालन टूट रहा है, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय निवासी ने बताया, "मोहम्मदाबाद के बाजार रोड पर स्थित एक अवैध ठेके पर सुबह होते ही भीड़ लग जाती है। लोग नशे की लत के चलते सुबह-सुबह ही आ जाते हैं। दुकानदार प्रिंटेड रेट लिस्ट के मुताबिक हर बोतल पर ड्ड30 से 50 रुपए तक की ओवर रेटिंग कर रहे है। हमारी शिकायतों के बावजूद आबकारी विभाग की कोई कार्रवाई नहीं हो रही।" जिले में शराब की ओवर रेटिंग और अवैध बिक्री की समस्या कोई नई नहीं है। हाल ही में अमरोहा की डीएम निधि वत्स ने सभी तहसीलों के एसडीएम, तहसीलदारों और डिप्टी कलेक्टरों को निर्देश दिए थे कि वे दुकानों का निरीक्षण करें। जांच में कई दुकानों पर ड्ड5 से ड्ड10 तक की ओवर रेटिंग पाई गई, लेकिन मोहम्मदाबाद जैसे ग्रामीण इलाकों में यह समस्या और गंभीर है। लेकिन अवैध ठेकों का जाल टूट नहीं पा रहा। यह मुद्दा न केवल राजस्व हानि का कारण है, बल्कि सामाजिक बुराई को भी बढ़ावा दे रहा है। मोहम्मदाबाद के निवासियों ने मांग की है कि तत्काल ठेकेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो और अवैध दुकानों को सील किया जाए। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या और विकराल रूप धारण कर लेगी।

# बाल श्रम रोकने के लिए पुलिस-एनजीओ की संयुक्त जागरूकता मुहिम




**संभल(सब का सपना):-** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देश पर 22 सितंबर को जनपद संभल के थाना क्षेत्र संभल और सिरसी में बाल श्रम के खिलाफ एक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा और क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। थाना एएचटी और एनजीओ 'जस्ट राइट" की संयुक्त टीम, जिसका नेतृत्व गौरी शंकर चौधरी ने किया, विभिन्न दुकानों, संस्थानों और कोल्ड स्टोर की जांच की। इस दौरान दुकानदारों और आयोजकों को बाल श्रम के खिलाफ जागरूक किया गया। टीम ने स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार के कार्य में नियोजित करना दंडनीय अपराध है। साथ ही, आपात स्थिति में सहायता के लिए शासन द्वारा जारी टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 108, 112, 1076 और 181 की जानकारी भी दी गई। अभियान में थाना एएचटी के प्रभारी निरीक्षक सत्य विजय सिंह, हेड कांस्टेबल दीपक सिंह, कांस्टेबल नवीन कुमार और एनजीओ 'जस्ट राइट" के प्रभारी गौरी शंकर चौधरी शामिल रहे। यह अभियान बाल श्रम उन्मूलन और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

# रोजगार सेवक की एक्सीडेंट रूपी की गई थी हत्या, पुलिस ने किया खुलासा

## घटना में प्रयुक्त बुलेरो व एक मोटर साईकिल स्पलेण्डर प्लस बरामद



**नौगावां सादात/अमरोहा (सब का सपना):-** पुलिस द्वारा एसओजी/ सर्विलांस टीम के सहयोग से हत्या की घटना का सफलतापूर्वक अनावरण कर 03 अभियुक्त गिरफ्तार किये गये, जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बुलेरो गाडी न0 UK 04H 6012 मय एक मोटर साईकिल स्पलेण्डर प्लस न0 DL 6S AX 9073 बरामद हुये । ज्ञात रहे कि 30 अगस्त को शाम को समय 16.30 बजे थाना नौगावां सादात क्षेत्रान्तर्गत जंगल ग्राम भैढा भरत के अड्डे के पास ग्राम जगंल भैडा भरतपुर थाना नौगावाँ सादात जनपद के पास रोजगार सेवक राजकुमार पुत्र नेतराम निवासी ग्राम मुंडांखेडा थाना नौगावाँ सादात जनपद अमरोहा काम करके घर वापस आ रहा था तो रास्ते में अज्ञात वाहन से टक्कर हो जाने से चोटिल हो गया था, जिस कारण मृत्यु हो गई थी। प्रतद्दष्टया प्रकरण एक्सीडेंट का प्रतीत हुआ था। बाद में परिवारजन ने प्रधानी के चुनाव के रंजिश के कारण हत्या किए जाने की आशंका जताई थी। जांच की गई तो अज्ञात वाहन की पहचान सीसीटीवी के माध्यम से एक सफेद बुलेरो के रूप में हुई। सीसीटीवी के माध्यम से जब इसके रूट को ट्रैक किया गया तो संदिग्धता प्रतीत हुई। मृतक के पुत्र सजल कुमार द्वारा 08 सितंबर को तहरीर दी गयी, जिसके आधार पर थाना नौगावां सादात पर मु0अ0सं0-191(2)/103(1) बीएनएस बनाम 1.वीरेन्द्र पुत्र फूल सिंह 2.जितेन्द्र पुत्र फूल सिंह निवासी गण ग्राम मूढा खेडा थाना नौगावा सादात जनपद अमरोहा व 4 से 5 अज्ञात लोगो के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक, अमरोहा द्वारा घटना का शीघ्र अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा के पर्यवेक्षण एंव क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना नौगावां सादात पर टीम का गठन किया गय । गठित टीम द्वारा घटना में गहनता से छानबीन व मृतक के परिवारजन व गवाहो से पूछताछ की गयी तथा साक्ष्य एकत्रित किये गये। सीसीटीवी कैमरों एवं सर्विलांस के माध्यम से विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में गठित थाना नौगावां सादात पुलिस टीम द्वारा 22 सितंबर को मुकदमा में नामजद अभियुक्त वीरेन्द्र पुत्र फूल सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम मूढा खेडा थाना नौगावा सादात, अंकुर पुत्र महावीर निवासी ग्राम आरकपुर माफी पोस्ट मूढा खेडा व प्रमोद कुमार पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम महेशरा देहरा घनश्याम धनौरा के नाम भी प्रकाश में आया है। जिसके फलस्वरुप मंगलवार को सर्विलांस के माध्यम से विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में गठित थाना नौगावां सादात पुलिस टीम द्वारा विरेन्द्र पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम मूढाखेडा थाना नौगावा सादात, अंकुर पुत्र महावीर निवासी ग्राम आरकपुर माफी उर्फ आरिफपुर थाना रजबपुर, प्रमोद कुमार उर्फ बिट्टू पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम गजरौला जवाहरनगर थाना गजरौला को मय घटना मे प्रयुक्त एक अदद बुलेरो गाडी न0 UK 04H 6012 मय एक मोटर साईकिल स्पलेण्डर प्लस न0 DL 6S AX 9073 को देहरा मोड की तरफ जाने वाली सडक से गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त विरेन्द्र नें अपने जुर्म का इकबाल करते हुए बताया कि साहब मै मूढाखेडा गांव का पूर्व प्रधान हूँ करीब 4 वर्ष पूर्व मै और राजकुमार एक साथ प्रापर्टी डीलिंग का काम करते थे । राजकुमार के गांव की ही एक महिला से सम्बन्ध थे, राजकुमार द्वारा मेरी वश गाडी से महिला को बैठाकर कई दिन तक जगह जगह ले जाकर घुमाता था, मुझे डर था कि राजकुमार मेरी गाडी से कोई गलत काम न कर दें इसलिय मैने उसे गाडी देने से मना कर दिया था । उसके कुछ दिन बाद गांव के मंदिर में निर्माण में लगे रूपयो के हिसाब को लेकर मेरे व राजकुमार का मनमुटाव हो गया था तथा हम अलग-अलग काम करने लगे थे। राजकुमार ने मेरे गाँव की महिला के जरिये मेरे खिलाफ कई शिकायते करायी थी तथा अभी प्रधानी के चुनाव को लेकर मेरे खिलाफ मुकदमा लिखवाने की नियत से महिला से प्रार्थना पत्र दिलवाने की तैयारी में था जिसका मुझे पता चल गया था। राजकुमार गांव में मेरे हर काम में रोडा बना हुआ था तथा मै प्रधानी की तैयारी कर रहा था और राजकुमार मुझे फसाने की तैयारी कर रहा था। इसी रंजिश के कारण मैने राजकुमार को अपने रास्ते से हटाने के लिये यह बात अपने रिश्तेदार प्रमोद व अंकुर को बतायी थी। इस घटना से कई दिन पहले हम तीनो नें मिलकर एक योजना के तहत राजकुमार के आने जाने वाले रास्तो की रैकी की थी। राजकुमार गांव से अमरोहा के लिये गया था जिसको मैने जाते हुए देखा तथा तभी मैने अपने रिश्तेदार प्रमोद व अंकुर को सूचना करके जानकारी दी थी कि आज सही मौका है तथा राजकुमार को मारने के लिये इस घटना को हम दुर्घटना का रूप दे सकते है। मेरे द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर प्रमोद व अंकुर इसी मोटर साईकिल से राजकुमार की रैकी करने के लिये अमरोहा धनौरा रोड पर खडे थे तथा मै अपनी बुलेरो गाडी लेकर पंजूसराय व इब्राहिमपुर के बीच में सडक पर खडा था, जैसे ही राजकुमार पंजू सराय से अपनी स्कूटी लेकर निकला तो इन दोनो नें मुझे उसके आने की सूचना दी तथा उसके पीछे पीछे चल दिये जैसे ही राजकुमार भेडा भरतपुर गांव से कुछ पहले पहुँचा तो सडक सुनसान देखकर मैने इसी बुलेरो गाडी से राजकुमार की स्कूटी में पीछे से टक्कर मारकर गिरा दिया था। उसके बाद उसे कुचलकर उसकी हत्या कर घटना को दुर्घटना का रूप देते हुए हम तीनो भेडा भरतपुर की तरफ भाग गये थे। प्रमोद व अंकुर आपस में मौसेरे भाई है तथा मेरी पत्नी की बुआ के लडके है मेरे घनिष्ट रिश्तेदार है पहले से ही हम तीनो साथ खाते पीते आये है प्रमोद व अंकुर नें भी विरेन्द्र द्वारा बतायी गयी घटना का समर्थन व अपने जुर्म का इकबाल करते हुए कहा कि हम तीनो नें मिलकर यह घटना की है उसके बाद हम तीनो भेडा भरतपुर होते हुए गजरौला की तरफ भा गये थे। जाते वक्त मदीपुरा शराब के ठेके से प्रमोद ने दो बियर खरीदी थी और बुलेरो को आगे जाने का इसारा किया था। बियर लेने के बाद ठेके से आगे भटपुरा के बीच में प्रमोद व विरेन्द्र नें भ्रमित करने के लिये अपने अपने वाहन बदल लिये थे। साहब जब से पुलिस को हमारी इस घटना की जानकारी हुई थी हम तभी से छिपते छिपाते हुए इन वाहनो को ठिकाने लगाने की फिराक में घूम रहे थे। साहब यदि मै राजकुमार को अपने रास्ते से न हटाता तो प्रधानी के चुनाव में यह मुझे परेशान करता। घटना करने के लिये गाड़ी एक हफ्ते पहले और एक सिम दो दिन पहले ही लिया था जो मैने घटना के बाद फोन व सिम नहर की झाडियो में फेक दिया था।

# गजरौला की केमिकल फैक्ट्री से जहरीली गैस का रिसाव,क्षेत्र में फैला धुंआ ही धुंआ,लोग परेशान





**गैस रिसाव से लोगों की आंखों में जलन एवं सांस लेने में हुई दिक्कत**

**फैक्ट्री के कर्मचारी भी डरकर भागे, क्षेत्र में मची अफरा तफरी**

**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना) कविन्द्र सिंह/सौरभ गोस्वामी :-** औद्योगिक नगरी में सोमवार की रात चौंका देने वाली घटना हुई जिसको पढ़ कर आपके रौंगटे खड़े हो जाएंगे। सोमवार की देर रात करीब 10 बजे गजरौला औद्योगिक नगरी में एक ऐसी घटना हुई कि उस घटना ने थोड़ी देर के लिए लोगों का जीना मुश्किल कर दिया और रात की नींद हराम कर दी। गजरौला औद्योगिक नगरी स्थित "वैस्ट क्रॉप प्राइवेट लिमिटेड" में सोमवार की रात करीब 10:00 बजे जहरीली गैस का रिसाव शुरू हो गया। जिस कारण सबसे पहले तो गैस रिसाव होने के बाद फैक्ट्री के कर्मचारी डर कर इधर-उधर भागने लगे उसके बाद धीरे-धीरे नगर क्षेत्र में चारों तरफ धुआं ही धुआं फैल गया। जिससे आसपास के लोगों को पहले तो आंखों में जलन शुरू हुई और उसके साथ ही क्षेत्र के लोगों को सांस लेने में भी तकलीफ का सामना करना पड़ा। अचानक गैस रिसाव होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया जिसने लोगों की रात भर की नींद हराम कर दी। गैस के प्रभाव से लोगों को सांस लेने में कठिनाई, गले में खराश और आंखों में तेज जलन की शिकायत होने लगी। कई इलाकों में कोहरे जैसा धुंध फैल गया, जिससे दहशत का माहौल बन गया।

**गैस रिसाव के कारण क्षेत्र के लोगों में दहशत व रोष**

गैस रिसाव की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर निकल आए जिन्होंने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि घटना के काफी समय बाद भी दमकल विभाग मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे लोगों में आक्रोश और बढ़ गया।

**एक माह पूर्व भी हुआ था गैस रिसाव**

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि करीब एक माह पूर्व भी इसी कंपनी से गैस रिसाव की घटना हुई थी, लेकिन उस समय समय रहते नियंत्रण पा लिया गया था। इस बार दो घंटे बीत जाने के बाद भी स्थिति काबू में नहीं आ पाई है।

**गैस रिसाव के संबंध में बताने से कंपनी प्रबंधन किया इन्कार**

घटना के संबंध में कंपनी प्रबंधन ने गैस रिसाव का कारण बताने से परहेज किया है। वहीं, नगरवासियों ने प्रशासन को शिकायत दी है कि कंपनी की लापरवाही से लोगों की जान खतरे में पड़ रही है। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

**एसडीएम बोलीं- मैं चिल्लाई तब सिक्योरिटी गार्ड ने फैक्ट्री का गेट खोला**

घटना की सूचना मिलते ही रात साढ़े दस बजे एडीएम गरिमा सिंह, एसडीएम विभा श्रीवास्तव और सीओ अंजलि कटारिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। ठअफ्रक्की टीम को भी बुलाया गया। प्रशासन की टीम ने कई मोहल्लों का दौरा कर लोगों की स्थिति का जायजा लिया।फैक्ट्री प्रबंधन ने आसपास की फैक्ट्रियों के तकनीशियनों को मौके पर बुलाया। सुबह पांच बजे तक गैस लीकेज पर काबू पाया गया। करीब आठ घंटे तक गैस लीक होती रही। घटना में एक रोचक मोड़ तब आया जब एसडीएम विभा श्रीवास्तव फैक्ट्री पहुंचीं। फैक्ट्री के गार्ड ने करीब 15 मिनट तक गेट नहीं खोला। एसडीएम को अपनी पहचान बताकर चिल्लाना पड़ा, तब जाकर उन्हें अंदर प्रवेश मिला। प्रभावित क्षेत्र के लोगों ने बताया कि रात भर उन्हें सांस लेने में तकलीफ और आंखों में जलन की समस्या रही। अब देखना यह है कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मामला संज्ञान में आने के बाद भी इस भयानक घटना पर कब तक शिकंजा कसा जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## सुरक्षित टीकाकरण के लिए कोल्ड चेन पर जोर, ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य कार्यकताओं को प्रशिक्षण



**बहजोई /संभल ( सब का सपना):-** नियमित टीकाकरण को सुरक्षित और प्रभावी बनाने के लिए ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य कार्यकताओं के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का समापन प्रमाणपत्र वितरण के साथ हुआ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक ने कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं और बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण स्वस्थ समाज की नींव है। उन्होंने सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को सफल बनाने के लिए सभी लाभार्थियों तक टीकाकरण पहुंचाने पर जोर दिया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज बिश्नोई ने कोल्ड चेन, वैक्सीन प्रबंधन और उपकरणों के रखरखाव की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का लाभ तभी मिलेगा, जब इसे क्षेत्र में लागू किया जाएगा। अपर शोध अधिकारी महेश गौतम ने टीकाकरण से संबंधित डाटा प्रस्तुत करते हुए सटीक रिपोर्टिंग की आवश्यकता पर बल दिया। मंडलीय यूविन कोऑर्डिनेटर शुएब जैदी ने यूविन पोर्टल के उपयोग और सुधारात्मक कार्रवाइयों की जानकारी दी। वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर अरशद रसूल, यूनिसेफ के डीएमसी प्रवीन कुमार और निसार खान ने कोल्ड चेन प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में राजेश कुमार, नरेंद्र पाल, नीतिका मित्तल, अरविंद सिंह, मनीष कुमार, दीपक, किरन बरनवाल, सुमनलता, अनुज, सक्षम, वरुणदीप सहित कई स्वास्थ्य कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। यह प्रशिक्षण टीकाकरण की गुणवत्ता और प्रभावशीलता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# आस्था महिला आजीविका संकुल स्तरीय समिति मुबारकपुर जोया की आम सभा का आयोजन




**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले के विकास खंड जोया के सभागार में आस्था महिला आजीविका संकुल स्तरीय समिति मुबारकपुर जोया की आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत लोकचंद, खंड विकास अधिकारी जोया द्वारा फीता काटकर एवं मां सरस्वती के सम्मुख दीपोत्सव करके की गयी।कार्यक्रम का संचालन अश्विनी कुमार, ब्लॉक मिशन प्रबंधक द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली दीदियों ने माइक पर आकर अपना अपना प्रस्तुतिकरण दिया। जैसे दोना पत्तल बनाना एवं जैकेट बनाना, कपड़े के बैग बनाना सिलाई आदि के कार्य किए जा रहे हैं। कलस्टर के पिछले कार्य एवं आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही अग्रिम कार्यों एवं आय व्यय की बढ़ोतरी हेतु प्रेरित किया गया। खंड विकास अधिकारी जोया ने बताया कि आप ग्राम संगठन स्टार एवं सीएफ स्तर पर मिलकर आजीविका बढ़ाने हेतु बड़े कार्य प्रारंभ करें। उसके लिए आपके पास ग्राम संगठन स्तर एवं सीएफ स्तर पर धनराशि उपलब्ध है। इससे आपको आमदनी भी अधिक होगी। सहायक विकास अधिकारी आईएसबी द्वारा बताया गया कि आप अपने कार्यों की आजीविका बढ़ने से संबंधित नियमित रूप से कार्य एवं पूरी लगन और निष्ठा के साथ कार्य करें। इसके बाद 2 वर्ष से अधिक अवधि से कार्य कर रहे सीएलएफ के पदाधिकारियों में बदलाव किया गया। उनके स्थान पर नए पदाधिकारी चुने गए। तत्पश्चात उत्कृष्ट कार्य करने वाली दीदियों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त ग्राम संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकारणी समिति के सदस्य और विभिन्न कैडरों की दीदियां उपस्थित रहीं।

# डॉ. जीपी सिंह की शिक्षक सेवा में समर्पण की कहानी



**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले में माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के प्रदेश मंत्री डॉ. जीपी सिंह, जो नगर स्थित जे एस हिन्दू इण्टर कॉलेज अमरोहा के प्रधानाचार्य हैं, ने अपनी निस्वार्थ सेवा और समर्पण से शिक्षकों और शिक्षा के क्षेत्र में एक अमिट छाप छोड़ी है। उनकी मेहनत, लगन और शिक्षकों के हित में किए गए कार्यों ने उन्हें न केवल शिक्षक समुदाय में बल्कि समाज के अन्य वर्गों में भी सम्मान का पात्र बनाया है। यह लेख उनके योगदान और उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डालता है। डॉ. जीपी सिंह ने हमेशा शिक्षा को समाज के विकास का आधार माना। अमरोहा जिले में माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए उन्होंने बेहतर और सार्थक प्रयास किए। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के प्रदेश मंत्री के रूप में, उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए प्रशासनिक और सरकारी स्तर पर आवाज उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चाहे वह शिक्षकों के वेतन, सेवा शर्तों, या कार्यस्थल पर सुविधाओं से संबंधित मुद्दे हों, डॉ. सिंह ने हमेशा इन मुद्दों को प्राथमिकता दी। विभाग के अतिरिक्त जिला प्रशासन में उच्च अधिकारियों से मिलकर उनकी समस्याओं को उठाने में बिल्कुल भी नही हिचकिचाते हैं, बल्कि हर संभव प्रयास कर उनका निराकरण भी कराते हैं। डॉ. सिंह ने शिक्षकों के कल्याण के लिए कई पहल शुरू की। उन्होंने नियमित रूप से जिला, मण्डल और प्रदेश स्तर पर सभाओं और बैठकों का आयोजन किया, जहां शिक्षकों को अपनी समस्याएं साझा करने का अवसर मिला। इन सभाओं में न केवल शिक्षकों की शिकायतों को सुना गया, बल्कि उनके समाधान के लिए रणनीति भी बनाई गई। उनकी नेतृत्व क्षमता और संगठन कौशल ने शिक्षक समुदाय को एकजुट करने में मदद की, जिससे उनकी आवाज और सशक्त हुई। वह हर शिक्षक चाहे वह जनपद के किसी भी कोने में क्यों न रहते हों, अथवा दूसरे जनपदों में रहते हों, हर सुख दुख में उनके साथ रहते हैं, उनके पास जाकर सुख दुःख साझा करते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए, डॉ. सिंह ने शिक्षकों को हमेशा प्रशिक्षण और शिक्षा में नवाचारों के लिए प्रोत्साहित किया और उनके शैक्षणिक विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अपने लगभग 16 वर्षो के कार्यकाल में संगठन में रहते कई कार्यशालाओं और प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया, जिसमें शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों, तकनीकी उपयोग, और नवीनतम शैक्षिक रुझानों से परिचित कराया गया। उनके इन प्रयासों से अमरोहा के स्कूलों में शिक्षा का स्तर बेहतर हुआ और छात्रों को भी इसका लाभ मिला। डॉ. सिंह का योगदान केवल शिक्षकों तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने सामाजिक स्तर पर भी कई कदम उठाए। सामुदायिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हुए, उन्होंने शिक्षा के महत्व को ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में प्रचारित किया। विशेष रूप से, उन्होंने बालिका शिक्षा और गरीब बच्चों की पढ़ाई के लिए कई जागरूकता अभियान चलाए। उनकी यह सोच कि "शिक्षा ही समाज को बदल सकती है" उनके हर कार्य में झलकती थी। जिले के शिक्षक समुदाय में डॉ. जीपी सिंह का नाम आज एक प्रेरणा के रूप में लिया जाता है। उनकी मेहनत और समर्पण ने न केवल शिक्षकों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव की नींव भी रखी। आज जनपद का एक एक शिक्षक अपने छात्र छात्राओं को बेहतर से बेहतर शिक्षा देने को कटिबद्ध है। उनके कार्यों का प्रभाव आने वाली पीढ़ियों पर भी पड़ेगा। डॉ. सिंह का मानना है कि शिक्षक समाज के निमार्ता हैं, और उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा करना हर संगठन का कर्तव्य है। उनके इस समर्पण ने अमरोहा में माध्यमिक शिक्षक संघ को और मजबूत किया है। आज लगभग पूरा जनपद एक सूत्र में बंधा हुआ है। जनपद के शिक्षकों से मिले इसी स्नेह ने उन्हें प्रदेश में पहचान दिलाई।

# गौशाला में गायों की दयनीय स्थिति,जिलाधिकारी के आदेशों की खुले आम हो रही अवहेलना




**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** जनपद के एक गांव की गौशाला में गौवंशों की हालत अत्यंत दयनीय बनी हुई है। गौशाला में न तो पानी की हौदियों की नियमित साफ-सफाई हो रही है और न ही गायों को पर्याप्त पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। गौवंशों को गंदा पानी पीने और सूखा भूसा खाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। भीषण गर्मी में भी बेजुबान गायों को खुली धूप में रहने को छोड़ दिया गया है, जिससे उनकी स्थिति और भी बदतर हो रही है। पूरा मामला जनपद संभल के कस्बा बहजोई ग्राम सादातवाड़ी का है जहां गौशाला में छह कर्मचारियों की मौजूदगी की बात कही गई, लेकिन मौके पर केवल तीन लोग ही कार्यरत पाए गए। ग्राम प्रधान लाखन सिंह यादव ने दावा किया कि गायों के लिए रोजाना हरा चारा लाया जाता है, लेकिन गौशाला में हरे चारे का कोई नामोनिशान नहीं दिखा इसी वजह से कई गौवंश बीमार हो चुके हैं करीब दो घंटे के बाद ग्राम प्रधान द्वारा जानकारी दी गई कि हरा चारा मंगा लिया गया है। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पेसीया ने स्पष्ट आदेश दिए हैं कि गौवंशों को समय पर हरा चारा, पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए और गौशाला की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। इसके बावजूद, सादात बाड़ी गौशाला में इन आदेशों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। योगी सरकार में गायों की रक्षा और देखभाल के दावों के बीच इस गौशाला की स्थिति चिंताजनक है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गौशाला की स्थिति में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# सैनिक कल्याण से संबंधित बैठक का किया गया आयोजन



**बहजोई/संभल (सब का सपना):-** कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर संदीप चड़ढा द्वारा पूर्व बैठक में रखे गये प्रकरण पर क्या कार्यवाही हुई उसके विषय में अवगत कराया। बैठक में सैनिक बन्धों के द्वारा अपनी-अपनी समस्या उठाई गई उसके विषय में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्या का निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। बैठक के अन्तर्गत आर्म्स लाइसेंस, मोबाइल कैंटीन, पट्टे की श्रेणी में बदलाव, अनाज मंडी में दुकान आवंटन, भूमि से संबंधित मामले आदि पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी संदीप चड्ढा, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद के जिलाध्यक्ष हरप्रसाद यादव, गौरव यादव, रविन्द्र कुमार, राजकुमार शर्मा, रणवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बहापुर स्थित अस्थाई गौशाला में गौवंशों की हालत बदतर, जिलाधिकारी के आदेशों को दिखाया जा रहा ठेंगा




**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** थाना क्षेत्र के ग्राम बहापुर स्थित अस्थायी गौशाला में गौवंशों की दयनीय स्थिति ने एक बार फिर प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर दिया है। यहां सैकड़ों गायों और बछड़ों को रखा गया है, लेकिन गंदगी, कीचड़ भरी जगहों पर उनके आने-जाने के रास्ते, सूखा भूसा ही भोजन के रूप में उपलब्ध होना और कई गौवंशों की गंभीर बीमारी जैसी समस्याएं विकराल रूप धारण कर चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ सरकार के गौ संरक्षण के दावों के बीच यह मामला बेजुबान जीवों की उपेक्षा का प्रतीक बन गया है। पूरा मामला जनपद के थाना बहजोई ग्राम बहापुर पट्टी का है जहां ग्रामीणों और स्थानीय लोगों के अनुसार, गौशाला में साफ-सफाई का अभाव इतना गंभीर है कि गौवंशों के रास्ते पर गंदगी और कीचड़ अधिक मात्रा में मौजूद है। कई गायें बीमारियों से जूझ रही हैं, जिनमें पैरों में घाव, कमजोरी और पेट संबंधी दिक्कतें प्रमुख हैं। सूखा भूसा ही इनका मुख्य आहार है, जबकि जिलाधिकारी के स्पष्ट आदेश हैं कि ताजा हरा चारा और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए। लेकिन ठेकेदार द्वारा इन निदेशों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। एक स्थानीय निवासी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, ये गौमाता हैं, लेकिन यहां तो जेल जैसी हालत है। ठेकेदार को फंड मिलता है, लेकिन पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। कई गायें मर चुकी हैं, बाकी की हालत खतरे में है। जब इस कथित ठेकेदार से संपर्क किया गया, तो वह बहाने बनाते नजर आए। पूछताछ पर हाथ मलते हुए बोले, सब कुछ ठीक है, बस थोड़ी दिक्कतें हैं। लेकिन मौके पर पहुंचने पर सच्चाई सामने आ गई। गौशाला में कोई उचित चिकित्सा व्यवस्था नहीं है, न ही स्वच्छ पानी की उपलब्धता। जिला प्रशासन के मुताबिक, यहां गौवंशों के खान-पान के लिए अलग से बजट आवंटित किया गया है, लेकिन जमीन पर अमल न होने से बेजुबान गौवंश पीड़ित हैं।

# दसवें आयुर्वेद दिवस पर नगर पालिका के टाउन हॉल में मुख्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**अमरोहा (सब का सपना):-** आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन जनपद अमरोहा द्वारा नगर पालिका परिषद अमरोहा के टाउन हॉल मे आयुर्वेद जन जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शशि जैन और मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र द्वारा आयुर्वेद के जनक भगवान धनवंतरी जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेद की अलग अलग विधाओं जैसे पंचकर्म चिकित्सा, योग चिकित्सा, मर्म चिकित्सा, प्रकृति परीक्षण, मोटापे के लिए आयुर्वेद आदि के अलग अलग चिकित्सीय कैप लगाए गए जिसका उपस्थित सभी ने अवलोकन किया और जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक कैंप की विस्तार से जानकारी ली गयी। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने अपने संबोधन में कहा कि आप आयुर्वेद को अपनी जीवनशैली में अपनाकर रोगों से मुक्त हो सकते हैं और रोगों से बचाव भी किया जा सकता है। कहा कि हम सब मिलकर अपनी परंपरा को अपनाएँ। यह केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि संतुलित भोजन, सही दिनचर्या और प्रकृति संग जीवन जीने की कला है। उन्होंने सभी से आयुर्वेद को जीवन मे अपनाने के लिए अपील की। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शशि जैन ने कहा कि आयुर्वेद का जीवन में बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि हम आयुर्वेद को अपनाकर स्वस्थ रह सकते है और बीमारी से बचाव कर सकते है। उन्होंने योगा के महत्व बताते हुए कहा कि अपने पूरे दिन के समय में कुछ समय योग के लिए भी जरूर निकालें। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने आयुर्वेद दिवस की सबको बधाई देते हुए कहा कि प्रकृति परीक्षण का कैंप कलेक्ट्रेट में एवं विकास भवन में लगाए जिससे वहां अधिक से अधिक लोग प्रकृति परिक्षण करके जानकारी प्रोत कर सके। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद का उद्देशय बीमारी को रोकना,बीमार व्यक्ति को ठीक करना, जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना। समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना है। आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेद दिवस पर योग थेरेपी, पंचकर्म चिकित्सा, मर्म चिकित्सा, निशुल्क प्राकृतिक परीक्षण का लाभ आम जनमानस को दिया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 लोगों का प्रकृति परीक्षण किया गया एवं लगभग 300 लोगों ने आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी डॉ0 बृजेश कुमार, नोडल अधिकारी आयुष विभाग डॉ प्रतीक अग्रवाल , जिला होमियोपैथी चिकित्साधिकारी डॉ. अंशु एवं योग प्रशिक्षक नीतीश भारद्वाज और भारी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# मोहल्ले में नालों की सफाई चौपट, गंदगी से फैल रहा बीमारी का खतरा, संबंधित बेखबर

**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** थाना बहजोई अंतर्गत गायत्री कॉलोनी में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। नालों की नियमित सफाई न होने से कीचड़ और गंदा पानी सड़कों पर हमेशा भरा रहता है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय निवासियों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। दो महीने पहले भी इस मुद्दे पर समाचार प्रकाशित हुआ था, फिर भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। जनपद के नगर पालिका बहजोई गायत्री कॉलोनी के निवासी डॉ. औरंगजेब ने बताया, गंदा पानी हर समय सड़कों पर भरा रहता है। इससे मच्छरों की भरमार हो गई है और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। थोड़ी सी बूंदाबांदी में ही पानी घरों में घुस जाता




है, जिससे रहना-सहना मुश्किल हो जाता है। वहीं, स्थानीय निवासी मुरारी लाल ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा, "यहां 20-25 साल से विकास ठप पड़ा है। कोई नई सड़क, नाला या अन्य सुविधा नहीं बनी। बारिश के मौसम में तो हालात और भी खराब हो जाते हैं। कई-कई दिनों तक पानी घरों में भरा रहता है। हमने संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। निवासियों का कहना है कि कॉलोनी में नालों का निर्माण पुराना और जर्जर हो चुका है। गंदगी जमा होने से दुर्गंध फैलती रहती है, जो स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसी स्थिति में डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाता है। अधिकारियों के वादे खोखले



साबित हुए बहजोई नगर पालिका चेयरमैन राजेश शंकर राजू से जब इस मामले में बात की गई, तो उन्होंने कहा था कि अगस्त महीने में समस्या का समाधान हो जाएगा। लेकिन सितंबर बीतने को है और कोई बदलाव नहीं आया। चेयरमैन ने वादा किया था कि नालों की सफाई और मरम्मत का कार्य तत्काल शुरू होगा, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

जब इस पूरे मामले में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी (ईओ) नीतू सिंह से जब संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि"यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं था। अब अवगत कराया गया है, हम इसकी जांच करेंगे और शीघ्र समाधान निकालेंगे।

# अल्पसंख्यकों को भी मिले मुख्यमंत्री बनने का अवसर : आतिर हुसैन

**संभल (सब का सपना):-** आम आदमी पार्टी (आप) उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेता और सम्भल असमोली व चन्दौसी विधानसभा प्रभारी आतिर हुसैन ने समाजवादी पार्टी (सपा) के कद्दावर नेता आजम खान को जमानत मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा मैं आजम खान साहब को लंबे समय से जानता हूँ। मैंने उन्हें प्रदेश के एक प्रभावशाली मंत्री के रूप में कार्य करते देखा है। उनका परिवार कई वर्षों से मुश्किल दौर से गुजर रहा है। अब जबकि वे जेल से बाहर आए हैं, उन्हें थोड़ा आराम करने का समय मिलना चाहिए। मैं जल्द ही उनसे मुलाकात करूंगा। आतिर हुसैन ने उत्तर प्रदेश में अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिनिधित्व पर जोर देते हुए कहा उत्तर प्रदेश में अल्पसंख्यकों की बड़ी आबादी निवास करती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी वर्गों



को समान अवसर मिलना चाहिए। अल्पसंख्यक समुदाय के किसी व्यक्ति को भी प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी जोड़ा कि यह समाजवादी पार्टी का आंतरिक मामला है कि वे इस मुद्दे पर क्या रुख अपनाते हैं। आतिर हुसैन के इस बयान ने प्रदेश की सियासत में एक नई बहस को जन्म दे दिया है, खासकर अल्पसंख्यक समुदाय के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में मनाया गया 10 वां आयुर्वेद दिवस

## आयुर्वेद पद्धति हमारी दिनचर्या में सुधार कर विकार को दूर करती है:- जिला पंचायत अध्यक्ष

**आयुर्वेद हमारे देश की है धरोहर:- पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर**

**आयुर्वेद सीखने का विज्ञान नहीं आदत का विज्ञान है:- जिलाधिकारी**

**बहजोई/संभल (सब का सपना):-** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में 10 वां आयुर्वेद दिवस आयुर्वेद जन-जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव रहे। कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वप्रथम भगवान धन्वंतरि की तस्वीर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव एवं जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद के दो सूत्र हैं आयुर्वेद स्वस्थ रहने एवं विकार समाप्त करने का विज्ञान है। उन्होंने कहा आयुर्वेद वनस्पति के तीन



रुप अन्न, खाद्यान्न, एवं औषधि के रूप में होती है आयुर्वेद इस पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि जो जीवन को शतायु एवं दीघार्यु करे वह आयुर्विज्ञान है। उन्होंने सोना, चांदी आदि का शरीर पर पडने वाले प्रभाव को लेकर भी जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद सीखने का विज्ञान नहीं आदत का विज्ञान है। उन्होंने कहा कि जो आयुर्वेद में है उसे दिनचर्या में लाना चाहिए।। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद हमारी धरोहर है। हमारे देश के आयुर्वेद का काफी महत्व है। प्राचीन काल में हमारे देश में ही आयुर्वेद के माध्यम से उपचार की शुरूआत हुई। उन्होंने कहा कि हम मोदी जी एवं योगी जी के नेतृत्व में आयुर्वेद की तरफ पुनः बढ रहे हैं। उन्होंने अर्जुन की छाल, हरसिंगार के पौधे के औषधीय गुणों के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि हमें अच्छी चीजों को अपनाना है। हमें आयुर्वेद पर चर्चा करते रहना चाहिए ताकि लोग जागरूक हो सकें। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आयुर्वेद को बढ़ावा देने के उद्देश्य को लेकर कार्य कर रहे हैं। हमें अपनी संस्कृति को पुनः प्राप्त करना है। आयुर्वेद पद्धति वैज्ञानिक रूप से सही करती है । आयुर्वेद पर विश्वास करें । उन्होंने कहा कि आयुर्वेद पद्धति हमारी दिनचर्या को सुधार कर विकार को दूर रखती है। योग को भी अवश्य अपनायें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और मस्तिष्क का वास होता है। उन्होंने कहा कि जहाँ तक संभव हो हमें अपने पारम्परिक भोजन को ही अपनाना चाहिए। लम्बे समय तक निरोगी रहना है तो आयुर्वेद में विश्वास करना होगा। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा परिषदीय विद्यालयों में स्थित हर्बल गार्डन में अच्छा कार्य करने वाले 14 अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत आयुष विभाग द्वारा लगाये गये आयुर्वेदिक, होम्योपैथी तथा यूनानी चिकित्सा ,योग एवं सिद्ध शिविर का मुख्य अतिथि, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव विशिष्ट तथा जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद में आयुर्वेद के नोडल अधिकारी डॉ अभय शर्मा, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ अंजू सिंगला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा,जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण एवं आयुष विभाग के समस्त चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

# भगवन्तपुर वाली देवी मंदिर पर सजा भव्य दरबार, वैष्णो देवी की तर्ज पर बनी नई गुफा से दर्शन





**बहजोई/संभल (सब का सपना):-** शारदीय नवरात्रि के द्वितीय दिवस पर जनपद संभल के बहजोई रेलवे रोड स्थित भगवन्तपुर वाली देवी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्रातः काल से ही मां के दर्शन के लिए उत्साहित श्रद्धालु लंबी-लंबी कतारों में खड़े नजर आ रहे हैं। मंदिर परिसर में भव्य सजावट के साथ मां का दरबार सजा हुआ है, जो आस्था और श्रद्धा का अनुपम दृश्य प्रस्तुत कर रहा है। इस वर्ष नवरात्रि का आयोजन विशेष रूप से भव्य है। वैष्णो देवी मंदिर की तर्ज परआस्था के प्रती भक्तों ने एक आकर्षक कृत्रिम गुफा का निर्माण किया है, जिसके माध्यम से भक्त मां के दर्शन कर रहे हैं। यह गुफा न केवल दर्शन को रोचक बनाती है, बल्कि भक्तों को वैष्णो देवी जैसा आध्यात्मिक अनुभव भी प्रदान कर रही है। सुबह के समय कतारें मंदिर के बाहर , और भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कई श्रद्धालुओं ने बताया कि यह पहली बार है जब वे इस तरह की व्यवस्था का अनुभव कर रहे हैं, जो नवरात्रि को और भी यादगार बना रही है। शारदीय नवरात्रि का यह मेला नौ दिनों तक चलेगा, इस दौरान मंदिर में रोजाना विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। द्वितीय नवरात्रि पर पूजा का विशेष महत्व है, जो तपस्या और आत्मबल का प्रतीक मानी जाती हैं। मंदिर समिति के अनुसार, इस वर्ष शुभ संयोग बनने से भक्तों को विशेष फल की प्राप्ति होगी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि भगवन्तपुर वाली देवी का यह मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, और नवरात्रि के दौरान यहां सैकड़ों भक्त दूर-दूर से पहुंचते हैं। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं, ताकि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नवरात्रि के शेष दिनों में भी इसी तरह की भव्यता बनी रहेगी, और अंतिम दिन मां की विदाई के साथ मेला समाप्त होगा।

# नया बाजार रामलीला कमेटी के तत्वावधान में भव्य रामबर यात्रा का आयोजन





**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** श्री रामलीला कमेटी नया बाजार के तत्वावधान में वार्ष्णेय इंटर कॉलेज के निकट काली मंदिर से श्री रामबर यात्रा का भव्य आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। यात्रा का शुभारंभ मां काली की आरती के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस भव्य यात्रा में मां काली के नौ स्वरूप, बरसाने के चट्टे, श्री राम का भव्य सिंहासन, बुलंदशहर की काली, और महादेव आर्ट द्वारा प्रस्तुत नाग-नागिन का नृत्य जैसे आकर्षक दृश्य देखने को मिले। इसके अलावा, राधा-कृष्ण द्वारा वायु में महारास, शुक्ला ग्रुप द्वारा जगन्नाथ जी का रथ, इस्कॉन नृत्य, नरसिंह भगवान का विराट रूप, हनुमान जी महाराज का फूल बंगला, श्री नाथ की झांकी, और खाटू श्याम जी का फूल बंगला यात्रा के प्रमुख आकर्षण रहे। यात्रा में देशभक्ति पर आधारित झांकियां, मेरठ के मशहूर डी जे और नेशनल खटका ग्रुप के हैरतअंगेज प्रदर्शन ने दर्शकों का मन मोह लिया। वार्ष्णेय क्लब द्वारा बाबा अवंतिका नाथ महाकाल का भव्य दरबार, सनातनी समूह द्वारा मां हरसिद्धि माता उज्जैन का फूल बंगला, और एटा-फिरोजाबाद की प्रसिद्ध स्वचालित झांकियों ने भी सभी का ध्यान खींचा। जयकारों की गूंज, पुष्पवर्षा, और भक्तिभाव से सराबोर इस यात्रा में देश के वीर जवानों की विजय गाथा का प्रदर्शन भी किया गया। शनिदेव महाराज की झांकी ने भी भक्तों के बीच विशेष उत्साह पैदा किया। यह आयोजन भक्ति, संस्कृति और देशभक्ति का अनूठा संगम बनकर उभरा, जिसने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# देवेंद्र वार्ष्णेय बने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष

**संभल(सब का सपना):-** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, मेरठ प्रांत ने उपभोक्ता आंदोलन को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रख्यात अधिवक्ता देवेंद्र वार्ष्णेय को संभल जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह घोषणा मंडी धनौरा, जिला अमरोहा में आयोजित एक कार्यक्रम में मेरठ प्रांत के संगठन मंत्री नरेंद्र शर्मा ने संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सवनीत दिनकर की उपस्थिति में की। नरेंद्र शर्मा ने कहा कि देवेंद्र



वार्ष्णेय पिछले 35 वर्षों से उपभोक्ता आंदोलन से जुड़े हैं और उनके अनुभव से जिले में यह आंदोलन नई ऊंचाइयों को छूएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि वार्ष्णेय के नेतृत्व में संगठन उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए और प्रभावी ढंग से कार्य करेगा। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक आनुषंगिक संगठन है। अधिवक्ता वार्ष्णेय लंबे समय से जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे हैं और पूर्व में अधिवक्ता परिषद, ब्रज संभल के जिलाध्यक्ष के रूप में संगठन के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दे चुके हैं। उनकी इस नई जिम्मेदारी से उपभोक्ता हितों की रक्षा के प्रयासों को और बल मिलने की उम्मीद है।

# चंदौसी में लंकाकाण्ड ज्ञान प्रतियोगिता की तैयारियां जोरों पर

**चंदौसी/संभल(सब का सपना):-** श्री नारायण सेवा समिति (रजि.), चंदौसी द्वारा गोस्वामी तुलसीदास कृत श्री रामचरितमानस के लंकाकाण्ड पर आधारित ज्ञान प्रतियोगिता के आयोजन हेतु आज सीता रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में एक आवश्यक व्यवस्था बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए और प्रतियोगिता की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। आयोजक कृष्णगोपाल मंगलम् ने बताया कि यह प्रतियोगिता अक्टूबर माह के प्रथम रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर, हनुमानगढ़ी में अपराह्न 3 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगी। उन्होंने सभी विद्यालयों से चयनित छात्र-छात्राओं की सूची 27 सितंबर 2025 तक उपलब्ध कराने की अपील की। अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय भोलेनाथ ने कहा कि श्री रामचरितमानस हिन्दू धर्म का प्रमुख आधार है और इस तरह के आयोजन धार्मिक जागरूकता को बढ़ावा देते हैं।




प्रबंधक हरीश कठेरिया 'एड.' ने बताया कि प्रतियोगिता दो श्रेणियों में होगीः प्रथम वर्ग (कक्षा 4 से 8) और द्वितीय वर्ग (कक्षा 9 से 12)। दोनों वर्गों के लिए लंकाकाण्ड पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र दिए जाएंगे, जिनमें सही उत्तर पर टिक मार्क करना होगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन कुमार गुप्ता ने कहा कि शीर्ष दस विजेताओं को समारोह में पुरस्कृत और सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता प्रभारी के. जी. गुप्ता ने बताया कि यह प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क है और नगर के सभी विद्यालयों को सूचना भेज दी गई है। बैठक की अध्यक्षता कृष्णगोपाल मंगलम् ने की, जबकि संचालन डॉ. जयशंकर दुबे ने किया। मुख्य अतिथि जगदीश चौधरी रहे। अन्य वक्ताओं में डॉ. राजकुमार गोयल, डॉ. टी. एस. पाल, दृगपाल सिंह, विपिन कुमार बालाजी, डॉ. जयशंकर दुबे और रामबाबू उपाध्याय शामिल रहे। बैठक के अंत में सभी को यथायोग्य जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

# बासमती उत्पादन में संतुलित कीटनाशक प्रयोग पर कार्यशाला का किया गया आयोजन

**जिलाधिकारी ने आत्मनिर्भर भारत और लोकल फॉर वोकल पर दिया बल**

**बहजोई/संभल (सब का सपना):-** दौलत ग्रुप, कृषि विज्ञान केंद्र सम्भल एवं एपीडा (APEDA) के संयुक्त तत्वावधान में खरीफ 2025 के दौरान बासमती चावल के उत्पादन हेतु कीटनाशकों का सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग तथा उत्तम कृषि पद्धतियों को अपनाना विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन डी आर रिसोर्ट, बहजोई में किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सम्भल डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने अपने विचार रखते हुए कहा कि किसानों की सक्रिय भागीदारी के बिना आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने लोकल फॉर वोकल पर बल देते हुए कहा कि समग्र उत्तर प्रदेश और विकसित उत्तर प्रदेश की दिशा में किसानों से रचनात्मक सुझाव आमंत्रित हैं।

मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ





भट्ट ने कहा कि खेती में वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर ही उत्पादन और गुणवत्ता को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील की। एपीडा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रितेश शर्मा ने किसानों को अवगत कराया कि निर्यात में बासमती चावल की गुणवत्ता और अवशेष सीमा (Residue Limit) अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक पद्धतियों से खेती करने पर भारत की वैश्विक साख और मजबूत होगी। दौलत ग्रुप के निदेशक शिवम डी.आर. ने आश्वस्त किया कि एव पास माल (कम कीटनाशक वाला) उगाएगा उसकी क ीमत बाजार के रेट से कम से कम 200 रुपए क्विंटल ज्यादा मिलेगी तथा न्यूनतम 200 क्विंटल उगाने और लाने पर 11,000 की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी, किसानों को निर्यातक कंपनियों से जोड़ने और प्रशिक्षण में दौलत ग्रुप निरंतर सहयोग करता रहेगा। सर्वहितकारी एफपीओ के निदेशक सम्भव जैन ने कहा कि एफपीओ किसानों की ताकत हैं। सामूहिक प्रयासों से लागत कम की जा सकती है और बासमती उत्पादन को सीधे निर्यात बाजार तक पहुँचाया जा सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, कृषि वैज्ञानिक और स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि सम्भल जनपद को गुणवत्तापूर्ण बासमती उत्पादन का प्रमुख केंद्र बनाकर विश्व पटल पर इसकी पहचान को और मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ महावीर, निरीक्षक कृषि विपणन अवनीश कुमार सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सौरभ बंसल, जिला कृषि अधिकारी प्रबोध मिश्रा, सी ए अंशुल गुप्ता, एशिया ब्राइट ट्रेडिंग लिमिटेड हांगकांग के निदेशक एवं निर्यातक बी. के. गुप्ता, रत्नेश कुमार, विजय चौधरी, डॉ पंकज, डॉ अरविंद आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता दौलत ग्रुप के चेयरमैन चेतन स्वरूप एवं संचालन ज्योति स्वरूप ने किया।

# रामचरित्र मानस की चौपाइयों को जीवन में करें आत्मसात: दीक्षित

## रामलीला मंचन में नारद मोह देख प्रफुल्लित हुए दर्शक

**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** श्री रामलीला प्रबंध समिति बस्ती के तत्वावधान में 98 वें श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने कमेटी के पदाधिकारियों के संग फीता काटकर किया। उन्होंने रामचरित्र मानस की चौपाइयों को जीवन में आत्मसात कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। सोमवार की रात दस बजे नगर में रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क में श्री रामलीला प्रबंध समिति द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव में वृंदावन से आए श्री आदर्श गोविंद बिहारी रामलीला/रासलीला संस्थान



के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन आरंभ किया। इससे पूर्व पंडित सुखदेव शर्मा शास्त्री ने गणेश पूजन कराया। प्रथम दिन नारद मोह का मंचन किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सुनील दीक्षित ने कहा कि रामायण हमारे ही जीवन का सार है। इसके सारे पात्र हमारे इर्दगिर्द



घूमते हैं। रामायण हमें रिश्तों की डोर की मजबूती का आभास कराती है। विश्वास और भक्ति को जागृत करती है। इस दौरान कमेटी के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि के साथ ही आमंत्रित अतिथियों का पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन भी किया। इस मौके पर जुबिलेंट से आए अशोक राय, देश दीपक मिश्रा, सभासद पंडित देवेश शर्मा के साथ ही कमेटी केअध्यक्ष रामप्रकाश गर्ग, प्रबंधक डा. आशुतोष भूषण शर्मा, महामंत्री विपिन कौशिक, उपाध्यक्ष शैलेश गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ निरंजन प्रसाद गर्ग, जनार्दन कौशिक, संजय सिंघल, प्रमोद कुमार सिंघल , सुबोध कुमार सिंघल, सोनू गर्ग, संजीव सिंघल, गौरव गोयल,पंकज कौशिक यश अग्रवाल, राहुल गोयल, कनिष्क भूषण शर्मा, ग्रीश विश्वकर्मा, सचिन यादव, जितांबर यादव, राजेंद्र सिंह, प्रियांशु शर्मा, विवेक गोयल, हैप्पी बंसल आदि भी उपस्थित रहे।

## सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर महिला ट्रैक से गिरी, अस्पताल में भर्ती; हालत नाजुक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर मंगलवार को एक महिला ट्रैक पर गिर गई। ये देख वहां मौजूद यात्री चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर सीआईएसएफ और मेट्रो कर्मी दौड़कर आए। महिला को किसी तरह बाहर निकाला। इसके बाद उसको अस्पताल लेकर गए। पूरी घटना सामने लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई। हालांकि अभी तक ये पता नहीं चल सका है कि वो कौन है? यहां क्या करने आई थी? कहां जा रही थी? पुलिस उसकी पहचान करने में जुटी है। महिला की हालत नाजुक महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है। डॉक्टर उसका इलाज करने में जुटे हैं। पुलिस सीसीटीवी खंगालने में जुटी है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि महिला सुसाइड करने आई हो। उसने जानबूझकर तो छलांग नहीं लगाई है। अभी उसके बारे में कुछ पता नहीं चल सका है। बातचीत के बाद ही पूरी जानकारी सामने आ सकेगी। वहीं, चश्मदीदों का कहना है कि वो काफी देर तक मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी थी।

## पुलिस से भिड़ा माया गैंग का सरगना, मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सरिता विहार इलाके में बीती रात पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स यानी एसटीएफ ने कुख्यात माया गैंग के एक सक्रिय लुटेरे-स्नैचर और किंगपिन सागर को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी एक मुठभेड़ के दौरान हुई। आरोपी को पैर में गोली लगी। डीसीपी दक्षिण पूर्व हेमंत तिवारी ने बताया कि एसटीएफ टीम को सागर के बारे में गुप्त सूचना मिली थी, जो माया गैंग का प्रमुख सदस्य है। सरिता विहार फ्लाईओवर के पास पहुंचते ही सागर ने पुलिस पर गोली चलाई, जिसके जवाब में टीन ने भी आत्मरक्षा में फायरिंग की। गोलीबारी के दौरान सागर घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सागर के पास से पुलिस को एक .32 बोर की सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और तीन खाली कारतूस बरामद किए हैं।

## विधायक ने मांस की दुकानों को बंद कराने के लिए लिखा पत्र

**लोनी।** नवरात्र में मांस बिक्री करने वाली दुकानों को बंद करने के लिए लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी एसडीएम को पत्र लिखा हैं। विधायक ने पत्र में बताया कि नवरात्र के पावन पर्व पर क्षेत्र में दुर्गा पूजा और रामलीला आदि धार्मिक कार्यों का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में मंदिरों के पास और क्षेत्र में मांसाहारी होटल और दुकानों के खुले होने से व्रतियों के धार्मिक अनुष्ठानों के प्रभावित होने की आशंका है। विधायक ने एसडीएम से मांसाहारी होटल दुकानों को तत्काल प्रभाव से बंद कराए जाने की मांग की है। इसके अतिरिक्त विधायक ने पर्व पर लोनी के सभी मंदिरों रामलीला स्थलों की विशेष साफ सफाई की व्यवस्था कराई जाने की भी मांग की है।

## पति की प्रेमिका से पत्नी बोली- तुमने मेरा रिश्ता तोड़ा... एक करोड़ हजार्ना दो, जानें कोर्ट ने क्या कहा

**नई दिल्ली।** विवाहेतर संबंधों के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि कोई महिला अपने पति की प्रेमिका के खिलाफ प्रेम अलगाव (एलाइनेशन ऑफ एफेक्शन) के आधार पर सिविल मुकदमा दायर कर हजार्ना मांग सकती है। अदालत ने स्पष्ट किया कि व्यभिचार को अपराधमुक्त करने का मतलब यह नहीं है कि तीसरे पक्ष को सिविल परिणामों से मुक्ति मिल जाए। एक मामले में पत्नी ने पति की प्रेमिका पर रिश्ता तोड़ने का आरोप लगाकर एक करोड़ का हजार्ना मांगा है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव की एकलपीठ ने इस मामले में पत्नी के दावे को सशर्त मान्य ठहराते हुए प्रेमिका से पक्ष रखने को कहा। पीठ ने कहा कि




हिंदू मैरिज एक्ट या किसी अन्य वैवाहिक कानून में तीसरे पक्ष के कृत्यों के खिलाफ कोई स्पष्ट उपाय नहीं है। वैवाहिक कानून के अभाव में और किसी वैधानिक प्रतिबंध के बिना, तीसरे पक्ष के खिलाफ हजार्ने का सिविल मुकदमा सिविल कोर्ट में चलाया जा सकता है। महिला ने मांगा हजार्ना एक महिला ने अपने पति की कथित प्रेमिका पर रिश्ता तोड़ने का आरोप लगाकर एक करोड़ रुपये का हजार्ना मांगा है। महिला का आरोप है कि प्रेमिका ने जानबूझकर उसके वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप किया, जिससे पति का स्नेह अलग हो गया और वैवाहिक संबंध टूट गए। पति और प्रेमिका ने मुकदमे को खारिज करने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने इन दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रयोग अपराध नहीं है, इसलिए सरकार इसे दंडित नहीं कर सकती। यह व्यवहार सिविल परिणामों को जन्म दे सकता है। जोसेफ शाइन फैसले ने व्यभिचार को अपराधमुक्त किया, लेकिन विवाह से बाहर अंतरंग संबंध बनाने का लाइसेंस नहीं दिया, जो सिविल या कानूनी परिणामों से मुक्त हो। अदालत ने एलाइनेशन ऑफ एफेक्शन को एंग्लो-अमेरिकन कॉमन लॉ से लिया गया हार्ट-बाम टॉर्ट बताया, जो भारत में स्पष्ट रूप से मान्यता प्राप्त नहीं है। पीठ ने कहा कि कोई व्यक्ति विवाह के बाहर अंतरंग संबंध बनाने का पूर्ण अधिकार नहीं रखता।

## नवरात्रि के पहले दिन आटा खाने से 200 लोग बीमार, अस्पताल में हुए भर्ती



**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम जिला के विभिन्न इलाके में कुट्टू का आटा खाने के बाद सैकड़ों लोग बीमार हो गए। सभी को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में लाया गया। जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि मंगलवार तड़के 6.10 बजे जहांगीरपुरी थाना पुलिस को बड़ी संख्या में लोगों के कुट्टू का आटा खाने के बाद बेचैनी की शिकायत किए जाने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस तुरंत बाबू जगजीवन राम अस्पताल पहुंची। जहां पूछताछ करने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विशेष यादव ने बताया कि जहांगीरपुरी, महेंद्र पार्क, समयपुर, भलस्वा डेयरी, लाल बाग और स्वरूप नगर जैसे इलाकों से लगभग 150-200 लोग उल्टी की शिकायत लेकर आपातकालीन वार्ड में आए थे। उन्होंने बताया कि सभी मरीजों की हालत स्थिर पाई गई। किसी को भी अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। किसी भी मामले की गंभीरता की सूचना नहीं है। पुलिस ने मामले पर तुरंत कार्रवाई करते हुए स्थानीय दुकानदारों, विक्रेताओं और निवासियों को बीट स्टाफ और जन संबोधन प्रणालियों के माध्यम से जागरूक कर रही है। मामले को आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए खाद्य विभाग को भी सूचित कर दिया गया है।

## पिस्टल और कारतूस सप्लायर गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार



**मोदीनगर।** थाना पुलिस ने पिस्टल और कारतूसों की खरीद फरोख्त कर रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। एक बदमाश पिस्टल समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 30 कारतूस बरामद किए हैं। 90 हजार रुपये में पिस्टल और कारतूस की डील हुई थी। आरोपी आगामी पंचायत चुनावों की तैयारी के लिए हथियारों की खेप जमा कर रहे थे। पुलिस हथियार तस्करी के सरगना सन्नी सांगवान और फरार बदमाश की तलाश में दबिश दे रही है। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि सोमवार सुबह सूचना मिली कि चार बदमाश पिस्टल व कारतूस की खरीद-फरोख्त कर रहे हैं। जानकारी के बाद पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग शुरू कर दी। चेकिंग के दौरान तिबड़ा-मानकी रजवाहे पर तीन बदमाश दिखे। पुलिस ने बदमाशों को रोकने का प्रयास किया तो वह भाग निकले। पुलिस ने पीछा कर दो बदमाशों को पकड़ लिया, जबकि तीसरा बदमाश पिस्टल समेत मौके से भाग गया। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के नाम चिराग सांगवान पुत्र विपिन सांगवान निवासी गांव खंजरपुर मोदीनगर और आदित्य चौधरी उर्फ जोशी निवासी गांव जलालाबाद मुरादनगर हाल निवासी ओलीव ग्रीन परतापुर बाईपास मेरठ बताया। पकड़े गए आरोपियों ने फरार साथी का नाम समर्थ सांगवान पुत्र राजेंद्र हाल निवासी तिबड़ा रोड बताया। गैंग का सरगना सन्नी सांगवान को बताया है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से .32 बोर के तीस कारतूस बरामद किए। 90 हजार रुपये में हुई थी एक पिस्टल व 30 कारतूसों की डील : पकड़े गए बदमाश आदित्य चौधरी उर्फ जोशी ने बताया कि .32 बोर की पिस्टल और तीस कारतूस की डील 90 हजार रुपये में हुई थी। डील पक्की होने के बाद आरोपी आदित्य खेप लेने मोदीनगर पहुंचा। वहां चिराग सांगवान और समर्थ सांगवान पिस्टल और कारतूस की डिलवरी देने आए। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। शातिर समर्थ सांगवान पुलिस को चकमा देकर पिस्टल लेकर भाग गया। आरोपी पंचायत चुनावों में हथियारों की तस्करी करने के लिए जखीरा जमा कर रहे थे।

## डीयू में ऑन द स्पॉट मॉप अप दाखिला आज से शुरू, 12 हजार से अधिक उम्मीदवारों ने कराया पंजीकरण

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए यूजी के विभिन्न कार्यक्रमों में ऑन द स्पॉट मॉप अप दाखिला राउंड के लिए 12 हजार से अधिक उम्मीदवारों ने पंजीकरण किया है। उम्मीदवारों के लिए दाखिला प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो रही है। विभिन्न कार्यक्रमों में 9,194 सीट खाली दाखिले के लिए मेरिट के आधार पर उम्मीदवारों को निमंत्रण भेजा जा चुका है। मॉप अप राउंड-1 के बाद बची खाली सीटों को भरने के लिए दोबारा से ऑन द स्पॉट मॉप अप दाखिला राउंड शुरू किया गया है। दाखिले के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में 9194 सीट खाली पड़ी है। इसमें सामान्य श्रेणी में 1439, ओबीसी श्रेणी में 2136, एससी श्रेणी में 1092, एसटी श्रेणी में 1528, इंडब्ल्यूएस में 1248,




दिव्यांग श्रेणी में 1263, सिख में 246 और क्रिश्चियन में 242 सीटें शामिल हैं। 12,210 उम्मीदवारों ने किया पंजीकरण डीयू दाखिला डीन प्रो. हनीत गांधी ने बताया, ऑन द स्पॉट मॉप अप दाखिला राउंड के लिए 12210 उम्मीदवारों ने पंजीकरण किया है। मेरिट लिस्ट के लिए चयनित उम्मीदवारों को निमंत्रण भेज दिया गया है। 23 सितंबर से दाखिला की प्रक्रिया शुरू हो रही है। दाखिले के लिए जिन उम्मीदवारों को निमंत्रण मिला होगा उनको यूनिवर्सिटी की ओर से निर्धारित समय के अनुसार रिपोर्ट करना होगा। अनुपस्थित रहने पर किसी शिकायत को स्वीकार नहीं किया जाएग। आवंटन और प्रवेश सीट आवंटन और दाखिला की प्रक्रिया 23 सितंबर से शुरू होगी। मेरिट और सीट की उपलब्धता के आधार पर उम्मीदवार को आमंत्रित किया जाएगा। इसकी सूची छात्रों को ईमेल के जरिए भेजी जाएगी। उसके बाद छात्रों को विश्वविद्यालय में रिपोर्ट करना होगा। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय के अनुसार उम्मीदवार को रिपोर्ट करना होगा। अनुपस्थित रहने पर किसी शिकायत को स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक बार आवंटित सीट अंतिम होगी उसके बाद कोई अपग्रेड और दाखिला वापस नहीं लिया जाएगा। सीट आवंटन के समय अगर कोई उम्मीदवार ऑनलाइन दाखिला शुल्क जमा करने में विफल होता है तो उस सीट को तुरंत रद्द कर अगले उम्मीदवार को आवंटित किया जाएगा। अगर उम्मीदवार निर्धारित समय पर रिपोर्ट नहीं करता है तो दाखिले के दावे को किसी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। दाखिले के समय दस्तावेजों में कमी मिलने पर उम्मीदवार को रद्द कर दिया जाएगा।

## नेशनल म्यूजियम से 'डांसिंग गर्ल' की रेप्लिका चोरी, प्रोफेसर निकला चोर, जानें मामला

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में स्थित नेशनल म्यूजियम से 'डांसिंग गर्ल' की रेप्लिका की चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। नई दिल्ली जिले की कर्तव्य पथ थाना पुलिस ने इस मामले में हरियाणा की एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रोफेसर को बाउन-डाउन करने के बाद छोड़ दिया गया। उसके कब्जे से रेप्लिका बरामद कर ली गई है। नई दिल्ली जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, नेशनल म्यूजियम में चोरी की ये घटना शनिवार के दिन हुई है। घटना के बाद मौके पर तैनात सीआईएसएफ ने तलाशी लेकर आरोपी प्रोफेसर को पकड़ लिया और कर्तव्य पथ पुलिस थाने में पुलिस के हवाले कर दिया। इस तरह पुलिस ने पकड़ा पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को दोपहर करीब 2.40 बजे राष्ट्रीय संग्रहालय से डांसिंग गर्ल की रेप्लिका की चोरी के बारे में पता लगा। सीआईएसएफ के कर्मचारियों ने संग्रहालय की अनुभव गैलरी से रेप्लिका को गायब पाया। इसके बाद उन्होंने तुरंत तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान परिसर के अंदर एक शख्स को पकड़ लिया गया और उसके कब्जे से रेप्लिका बरामद की गई। म्यूजिम में चोरी करने के आरोपी के पकड़े जाने पर सीआईएसएफ अधिकारियों ने वहां मौजूद ड्यूटी स्टाफ को सूचित किया। इन लोगों ने फिर पुलिस को इस बात की जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, घटना की सूचना मिलने के बाद कर्तव्य पथ पुलिस स्टेशन की एक टीम जल्द ही म्यूजियम पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## चालकों की मनमानी रोकने के लिए ई-रिक्शा पर लगेंगे क्यूआर कोड

**गाजियाबाद।** जाम से निजात दिलाने और अपराध पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने विभिन्न मार्गों पर चलने वाले ई-रिक्शा पर क्यूआर कोड लगाने की शुरूआत की है। इससे चालकों की लोकेशन का पताकर उनकी मनमानी को रोका जा सकेगा। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध और यातायात आलोक प्रियदर्शी ने पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में सोमवार को 200 से अधिक ई-रिक्शाओं को क्यूआर कोड वितरित किए। जिले में 26



हजार से अधिक ई-रिक्शों पर आगामी दिनों में क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। इतना ही नहीं यातायात के पांच जोन में ई-रिक्शों पर लगे क्यूआर कोड के रंगों से रूट निर्धारित किए गए हैं। बताया कि गत दिनों कुछ ऐसी शिकायतें आई थी, जिनमें ई-रिक्शा संचालकों ने यात्रियों से लूटपाट और अभद्रता की थी। क्यूआर कोड से चालक का नाम, मालिक का नाम, लोकेशन, मोबाइल नंबर आदि दर्ज होगा। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि क्यूआर कोड के जरिए कोई भी सवारी और पुलिसकर्मी ई रिक्शा के पंजीकरण से जुड़ी जानकारी और मालिक का नाम, पता, मोबाइल नंबर पता कर सकते हैं। यातायात पुलिस को ई रिक्शा संचालन की दृष्टि से पांच जोन में बांटा गया है। सभी जोन के ई-रिक्शा पर अलग-अलग रंग के स्टीकर लगाए जाएंगे। क्यूआर कोड का एक सॉफ्टवेयर होगा, जिसमें यात्रियों को फीडबैक भी लिया जाएगा। शिकायत पर ई-रिक्शा चालकों की त्वरित पहचान होगी। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद का कहना है कि इससे जनपद में संचालित ई-रिक्शा की सफर के दौरान एवं बांद में पहचान करना भी आसान हो जाएगा। सवारियों की सुविधा के लिए

## पति से परेशान पत्नी ने छोड़ा घर, युवक ने कोर्ट से लगाई गुहार, जानें क्यों याचिका हुई खारिज



**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने पति की हैबियस कार्प्स (बंदी प्रत्यक्षीकरण) की याचिका खारिज कर दी। उसने पत्नी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि सुनवाई के दौरान पत्नी खुद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये शामिल हुई और बताया कि वह स्वेच्छा से पति का साथ छोड़कर मुंबई रहने आ गई है। पत्नी ने कहा कि उसका पति शराब पीता है और उसका उत्पीड़न करता है इसीलिए उन्होंने घर छोड़ा है। उसके बाद न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति मनोज जैन की खंडपीठ ने याचिका खारिज कर दी। याचिका में पति ने बताया कि उनकी शादी 12 अगस्त 2019 को उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के गांव वालमारा में हुई थी। दंपती के दो बेटे हैं। 26 अगस्त 2025 को गीता देवी के भाई ने उन्हें और उनके छोटे बेटे को दिल्ली के आनंद विहार आईएसबीटी से राम नगर (उत्तराखंड) जाने वाली बस में चढ़ाया, लेकिन वे घर नहीं पहुंचीं। खोजबीन के बाद भी उनका सुराग नहीं मिला। 27 अगस्त को पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। राज्य की ओर से पेश स्टैंडिंग काउंसलर संजय लाओ ने कोर्ट को सूचित किया कि पुलिस ने लापता पत्नी से संपर्क किया तो पता चला वह मुंबई में रह रही है।

## जीएसटी में कमी...बाजार में आया बूम, सीएम रेखा ने खुद लिया फीडबैक, देश की वित्त मंत्री भी दिखीं

**नई दिल्ली।** देश में लागू जीएसटी रिफॉर्म के बाद व्यापारियों और उपभोक्ताओं से फीडबैक लेने के लिए केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित वरिष्ठ नेताओं ने राजधानी के विभिन्न बाजारों का दौरा किया। इन नेताओं में कई केंद्रीय मंत्री भी शामिल थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के साथ पूर्वी दिल्ली की लक्ष्मी नगर मार्किट का दौरा किया। व्यापारियों ने टैक्स बोझ घटने से व्यापार में पूंजी बढ़ने की संभावना पर खुशी जताई। उपभोक्ताओं ने दाम कम होने के लिए प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को



धन्यवाद दिया। उनके साथ विधायक अभय वर्मा और पार्षद अल्का राघव भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने त्रिनगर मार्किट का दौरा कर व्यापारियों और ग्राहकों से बातचीत की। उनके साथ सांसद प्रवीन खंडेलवाल, विधायक तिलक राम गुप्ता और केशवपुरम जिलाध्यक्ष अजय खटाना मौजूद थे। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने स्थानीय विधायक अनिल शर्मा के साथ आरके पुरम मार्किट में व्यापारियों और उपभोक्ताओं से टैक्स

**केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित वरिष्ठ नेताओं ने जीएसटी रिफॉर्म के फीडबैक के लिए दिल्ली के प्रमुख बाजारों का दौरा किया।**

कटौती पर प्रतिक्रिया ली। भाजपा सांसद और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नरेश बंसल एवं दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा ने नई दिल्ली की बंगाली मार्किट में व्यापारियों से फीडबैक लिया और उनकी राय समझी। वहीं दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा ने विधायक अजय महावर और जिलाध्यक्ष यूके चौधरी के साथ उत्तर पूर्वी दिल्ली की भजनपुरा मार्किट में रिटेल दुकानदारों और आम जनता से चर्चा की। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने जनकपुरी की एकता मार्केट से शुक्र बाजार महावीर एनक्लेव पार्ट तीन तक जीएसटी में हुए सुधारों की जानकारी देने के लिए एक यात्रा निकाली। इसमें व्यापारी, स्थानीय लोग भी शामिल रहे। कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने भजनपुरा में निकाली धन्यवाद यात्रा। उन्होंने कहा कि जीएसटी छूट का फैसला अर्थव्यवस्था के लिए गेम-चेंजर साबित होगा और भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने देशभर में लागू की नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म के अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार नई दिल्ली के अमर कॉलोनी में दुकानदारों से मुलाकात की और चाय पर बातचीत के दौरान उन्हें इस नई पहल के बारे में जानकारी दी। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी उनके साथ मौजूद थे। इस मौके पर नड्डा ने दुकानदारों और व्यापारियों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि आज वह नई दिल्ली के दुकानदारों से मिले है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश भी पहुंचाया।

# भारत और बांग्लादेश के बीच आज सुपर फोर में होगा मुकाबला

**दुबई (एजेंसी)।** भारत और बांग्लादेश की टीमें बुधवार को एशिया कप 2025 के सुपर 4 में आमने-सामने होंगी। दोनो ही टीमों ने सुपर फोर का अपना पहला मैच जीता है। ऐसे में अब इनका लक्ष्य इस मैच को भी जीतकर फाइनल में जगह बनाना रहेगा। भारतीय टीम ने जहां पाकिस्तान को, वहीं बांग्लादेश ने श्रीलंका को हराया है। भारतीय टीम ने अपने सभी लीग मैच आसानी से जीते हैं। ऐसे में वह जीत की प्रबल दावेदार है हालांकि इसके बाद भी वह बांग्लादेश को हल्के में नहीं लेगी। इस मैच में दोनो ही टीमों के स्पिनरों पर नजरें रहेंगी।

आंकड़ों पर नजर डालें तो ये मुकाबला एकतरफा रहेगा। दोनों ही टीमों के बीच अब तक 17 टी20 मैच खेले गए हैं। इनमें से बांग्लादेश एक ही मैच जीता है।

बांग्लादेशी टीम भारत के सामने काफी कमजोर नजर आती है। ऐसे में सूर्यकुमार यादव की टीम के लिए ये मैच जीतना कठिन नहीं होगा हालांकि बांग्लादेश के स्पिनर बेहतर प्रदर्शन करके बाजी उल्ट सकते हैं। जहां तक बल्लेबाजी की बात है। उसमें भी भारतीय टीम कहीं आगे है। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को रोकना बांग्लादेशी गेंदबाजों के लिए बेहद कठिन होगा। इसके अलावा शुभमन गिल भी अच्छे फार्म में हैं। बांग्लादेश की बल्लेबाजी कप्तान लिटन दास और तौहीद हृर्दय पर निर्भर रहेगी।

बांग्लादेश टीम इस मैच में पहले गेंदबाजी करना चाहेगी। उसका लक्ष्य भारत को कम स्कोर पर रोककर लक्ष्य का पीछा करना रहेगा। भारतीय बल्लेबाजो विशेषकर तिलक वर्मा और संजू सैमसन को बांग्लादेशी




स्पिनरों से सावधान रहना होगा। ये दोनों चौथे या पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं और ऐसे में स्पिनरों का अधिक सामना करना होता है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत-** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

**बांग्लादेश-** लिटन दास (कप्तान, विकेटकीपर), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदोय, जेकर अली, शमीम हुसैन, नुरुल हसन, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, मोहम्मद सैफुद्दीन।

# सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी के सामने पेश हुए पूर्व क्रिकेटर युवराज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय ने आज पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह से ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े एक मामले में पूछताछ की है। ईडी ने धन शोधन के मामले में युवराज को पूछताछ के लिए कार्यालय में पेश होने को कहा था। युवराज दोपहर बारह बजे एजेंसी के दफ्तर पहुंचे। इससे पहले इसी मामले को लेकर सुरेश रैना, शिखर धवन ,रोबिन उत्थाप्पा सहित कुछ अन्य पूर्व क्रिकेटरों से भी पूछताछ हुई थी। युवराज समेत कई क्रिकेटर और फिल्मी सितारे इस इस ऐप का प्रचार कर रहे थे। इसी कारण कई फिल्मी सितारों से भी पूछताछ हुई है। वहीं सोनू सूद को बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

अधिकारियों ने कहा कि धन शोधन निरोधक अधिनियम के तहत युवराज के उनके बयान दर्ज किये। इसके अलावा पूर्व सांसद और बांग्ला अभिनेत्री मिमि चक्रवर्ती, अभिनेता अंकुश हाजरा से भी पूछताछ हुई है। अभिनेता सोनू सूद को बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

ईडी ऐसे सट्टेबाजी ऐप और प्लेटफार्म के खिलाफ व्यापक जांच कर रही है जिनपर करोड़ों रुपये की ठगी करने और कथित तौर पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों की भारी मात्रा में चोरी करने के आरोप हैं। इस जांच के तहत आने वाले दिनों में एजेंसी कुछ अन्य खिलाड़ियों, फिल्म अभिनेताओं, ऑनलाइन प्रभावशाली व्यक्तियों और मशहूर हस्तियों को भी पूछताछ के लिए बुला सकती है। अब तक करीब आधा दर्जन बड़ी हस्तियों से ईडी ने पूछताछ की है।

# फरहान और रउफ पर प्रतिबंध लगा सकती है आईसीसी

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के खिलाफ एशिया कप 2025 के सुपर फोर मुकाबले में करारी हार के बाद अब पाकिस्तान क्रिकेट टीम को एक और झटका लग सकता है। इस मैच में भड़काउ जश्न के लिए उसके दो खिलाड़ियों साहिबजादा फ़रहान और हैरिस रउफ पर आईसीसी कड़ी कार्रवाई कर सकती है। इसके तहत इनपर भारी जुर्माना लगाने के अलावा प्रतिबंध भी लग सकता है। इन दोनो ही ही शिकायत आईसीसी से की गयी है। मैच रैफरी ने इसमें भारतीय टीम से सभी प्रकार के साक्ष्य रखने को कहा है। उसी के आधार पर आईपीसी सजा का फैसला करेगी। इस मैच में पाक सलामी बल्लेबाज फ़रहान ने अर्धशतक लगाने के बाद 'बंदूक से गोलीबारी' के स्टाइल में जश्न मनाया। इससे एक प्रकार से वह क्रिकेटर नहीं आतंकियों जैसा व्यवहार कर रहे थे

क्रिकेट में जब खिलाड़ी मैदान पर बंदूक चलाने की नकल करें, तो यह खेल से ज्यादा हिंसा और कट्टरता दिखाती है। भारत-पाकिस्तान मैच पहले ही तनाव और भावनाओं से भरे होते हैं। ऐसे में बंदूक जैसे प्रतीकों का इस्तेमाल आतंकियों का समर्थन करना है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मैच रेफरी ने भारतीय टीम से कहा है कि इस मुद्दे पर वो अपना पक्ष रखे, वहीं दोनों वीडियो के और एंगल इकठ्ठा किए जा रहे है। इस मैच में बल्लेबाजों की पिटाई से भड़के रउफ ने अपने हाथ से छह विमान गिराने के संकेत किये। इसके बाद भारतीय क्रिकेट प्रेमियों ने उन्हें जमकर निशाना बनाया और इस झूठ के लिए फटकार लगायी। वहीं फरहान ने जिस प्रकार बल्ले से गोलीबारी का इशारा किया उससे लोग भड़क गये।

### इस प्रकार का व्यवहार नियमों के खिलाफ है।

आईसीसी आचार संहित के अनुसार अगर कोई भी जश्न विरोधी टीम या दर्शकों को भड़काए। उससे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। नियमों के तहत ही राजनीतिक, धार्मिक या हिंसक संदेश देने वाली हरकतों पर रोक है और अगर कोई खिलाड़ी खेल की भावना के खिलाफ जाता है, तो उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है या उसे प्रतिबंधित किया जा सकता है।

# बांग्लादेश कोच फिल सिमंस का बयान, कहा- हर टीम के पास भारत को हराने की काबिलियत

**दुबई (एजेंसी)।** बांग्लादेश के मुख्य कोच फिल सिमंस का मानना है कि भारत अजेय नहीं है और बुधवार को जब उनकी टीम एशिया कप सुपर चार के मुकाबले में मौजूदा विश्व चैंपियन से भिड़ेंगी तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा कि सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम ने पिछले चार मैचों में क्या हासिल किया है।

वेस्टइंडीज के लिए 1987 से 1999 तक खेलने वाले सिमंस से जब पूछा गया कि क्या इस भारतीय टीम को हराना संभव है तो उन्होंने कहा,'' हर टीम के पास इस भारतीय टीम को मात देने की क्षमता है।''

उन्होंने आगे कहा कि, मैच जिस दिन खेला जाता है उससे पहले क्या हुआ है, यह मायने नहीं रखता है। यह बुधवार को क्या होगा उस बारे में है। यह उस साढ़े तीन घंटे के खेल के दौरान प्रदर्शन के बारे में है। हम अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ खेलने की कोशिश करेंगे और उम्मीद है कि भारत की



कमजोरियां ढूंढ पाएंगे। यही वह तरीका है जिससे हम मैच जीतते हैं।'' इस 62 साल के पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि वह भारत से जुड़े किसी भी मैच के माहौल को समझते हैं और चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी उस पल का लुत्फ उठाते हुए चुनौती का सामना करें।

बांग्लादेश के कोच ने कहा कि, हर मैच खासकर भारत से जुड़े मैचों में एक उत्साह होता है क्योंकि वे दुनिया की नंबर एक टी20 टीम हैं। हम बस इस उत्साह का लुत्फ उठाने लेने जा रहे हैं। सिमंस का मानना है कि दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम (डीआईसीएस) की पिच वास्तव में बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छी है और मैच में टॉस कोई बड़ा मसला नहीं होगा।

उन्होंने कहा, '' मैंने 40 ओवरों में विकेट में ज्यादा अंतर नहीं देखा। मुझे लगता है कि यह कुछ बेहतरीन विकेटों में से एक है जो मैंने यहां कुछ समय से देखे हैं। मुझे लगता है कि कल रात (भारत बनाम पाकिस्तान) भी ऐसा ही था। बांग्लादेश के कोच ने कहा, ''विकेट बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा था। गेंदबाजों को सही गेंदबाजी करनी पड़ी। मुझे नहीं लगता कि टॉस का ज्यादा असर नहीं होगा।''

सिमंस ने कहा कि सितंबर की गर्मी में दुबई और अबुधाबी में लगातार क्रिकेट खेलना शारीरिक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण है। वेस्टइंडीज के लिए 26 टेस्ट और 143 एकदिवसीय खेलने वाले इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, ''मुझे लगता है कि खिलाड़ी लगातार मैच खेलने के लिए काफी फिट हैं। लेकिन किसी भी टीम के लिए लगातार टी20 मैच खेलना चुनौतीपूर्ण है। यह जितना लोग सोचते हैं उससे कहीं ज्यादा मुश्किल है।



# श्रेयस ने निजी कारणों से भारत ए की कप्तानी छोड़ी

नई दिल्ली । बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट मैच से बाहर हो गये हैं । श्रेयस अचानक ही भारत ए की कप्तानी छोड़कर मुम्बई लौट गये हैं । श्रेयस की कप्तानी में ही भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहला अनाधिकारिक टेस्ट मैच खेला था जो ड्रॉ रहा था । श्रेयस ने निजी कारणों से दूसरे मैच से अपना नाम वापस लिया है । उनके बाहर जाने से अब भारत ए की कप्तानी ध्रुव जुरेल या फिर रजत पाटीदार टीम को मिल सकती है । रिपोर्ट के अनुसार ये पता नहीं चला है कि श्रेयस ने अचानक ऐसा फैसला क्यों किया है । उन्होंने अपनी फैसले की जानकारी बीसीसीआई को भी दे दी है ।

# भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले बांग्लादेश को लगा झटका, बड़ा खिलाड़ी हो सकता है बाहर

दुबई । बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास को भारत के खिलाफ सुपर-4 मुकाबले से पहले चोट लगने की आशंका है, क्योंकि 22 सितंबर को आईसीसी अकादमी ग्राउंड में प्रशिक्षण के दौरान उनकी पीठ में खिंचाव आ गया । लिटन को नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय कमर के बाई ओर बेचैनी महसूस हुई और टीम के फिजियो बायजदि उल इस्लाम द्वारा जांच के बाद उन्होंने सत्र से नाम वापस ले लिया । बीसीबी के एक अधिकारी ने मंगलवार को क्रिकबज को बताया, 'हम आज लिटन की जांच करेंगे क्योंकि बाहर से वह बिल्कुल ठीक लग रहे हैं, लेकिन अंतिम निर्णय लेने से पहले हमें उनका मेडिकल मूल्यांकन करना होगा ।' हालांकि लिटन इस घटना के बाद ज्यादा असहज नहीं दिखे, लेकिन उनकी अनुपस्थिति बांग्लादेश के लिए एक बड़ा झटका साबित होगी । यह भी स्पष्ट नहीं है कि उनकी अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी कौन करेगा, क्योंकि बीसीबी ने टूर्नामेंट के लिए किसी उप-कप्तान की घोषणा नहीं की है । बांग्लादेश ने अपने सुपर-4 अभियान की शुरुआत श्रीलंका पर शानदार जीत के साथ की ।



# गांगुली दूसरी बार बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष बने



कोलकात । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली दूसरी बार बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष बने हैं । अभी इस पद पर उनके बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली थे । गांगुली ने दूसरी बार अध्यक्ष बनने पर कहा कि ईडन गार्डन्स स्टेडियम की क्षमता को बढ़ाकर एक लाख के करीब किया जाएगा । इसके अलावा अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के अहम मैचों की मेजबानी हासिल करना भी प्रयास किया जाएगा । गांगुली को सोमवार को कोलकाता में सीएबी की 94वीं वार्षिक आम बैठक में निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया । वह इससे पहले साल 2015 से 2019 तक सीएबी अध्यक्ष रहे थे । गांगुली साल 2019 से 2022 तक बीसीसीआई अध्यक्ष भी रहे थे । गांगुली ने कहा कि उनका पहला काम नवंबर में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले पहले टेस्ट के लिए ईडन को पूरी तरह से तैयारी करना रहेगा । यह 2019 में बांग्लादेश के खिलाफहुए दिन रात्रि टेस्ट मैच के बाद ईडन गार्डन्स में पहला टेस्ट होगा । गांगुली को उम्मीद हैं की भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें ईडन गार्डन्स में उपलब्ध सुविधाओं का आनंद उठाएगी । उन्होंने कहा, ''यह एक अच्छा टेस्ट मैच होगा, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका विश्व चैंपियन है । इस स्टेडियम में सब कुछ मौजूद है । अच्छी पिचें, अच्छे दर्शक और, बुनियादी ढांचा है ।'' गांगुली रविवार को बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की वार्षिक आम बैठक में सीएबी का प्रतिनिधित्व करेंगे । बीसीसीआई रविवार को मुंबई में होने वाली अपनी वार्षिक आम बैठक में दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास को अपना नया अध्यक्ष चुनने जा रहा है ।

# ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका, स्टार ऑलराउंडर वनडे विश्व कप से बाहर

**स्पोर्ट्स डैस्क।** ऑस्ट्रेलिया को एक बड़ा झटका लगा, जब स्टार ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस चोट के कारण आगामी आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 से बाहर हो गई। यह विश्व कप 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। हैरिस को भारत के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में पिंडली में खिंचाव की चोट लगी, जो संयोग से मार्च 2024 के बाद से इस प्रारूप में उनकी पहली वापसी थी।

इस चोट ने इस ऑलराउंडर की भारत और श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट के दौरान अपना पहला वनडे विश्व कप मैच खेलने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। हैरिस



ऑस्ट्रेलिया के 2022 विश्व कप विजेता अभियान का हिस्सा थीं, लेकिन एक भी मैच नहीं खेल पाई। हैरिस निचले क्रम में अपनी जबरदस्त बल्लेबाजी के लिए जानी जाती हैं। उनका टी20आई स्ट्राइक रेट 155.52 का है और वे एक उपयोगी ऑफ-स्पिनर भी हैं, जिन्होंने 21 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए हैं।

ग्रेस हैरिस ने सफेद गेंद क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया। मार्च 2024 के बाद से ऑस्ट्रेलिया के लिए कोई भी वनडे मैच नहीं खेलने के बावजूद, ग्रेस हैरिस ने अपने हालिया सफेद गेंद वाले मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है। टी20 ब्लास्ट में सरी के लिए खेलते हुए, उन्होंने लगभग 158 के स्ट्राइक रेट से 338 रन बनाए।

चोटिल ग्रेस हैरिस की जगह ऑस्ट्रेलियाई आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 टीम में हीथर ग्राहम को शामिल किया जाएगा। वह वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के शुरुआती दो महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग मैचों के बाद भारत में टीम से जुड़ेंगी। ग्राहम एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं, जिन्होंने 6 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और 9 विकेट लिए हैं। हैरिस की तरह, ग्राहम ने भी इंग्लिश घरेलू लीग में अच्छा प्रदर्शन किया है।

**आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप 2025 के लिए अपडेटेड ऑस्ट्रेलियाई टीम-** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, ऐश गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी नहीं खेलेंगे ऋषभ



मुम्बई । इंग्लैंड दौरे में चोटिल हुए भारतीय टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की वापसी टल गयी है । ऋषभ को वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले माह होने वाली दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए भी शामिल नहीं किया गया है । इस विकेटकीपर बल्लेबाज को इंग्लैंड में चौथे टेस्ट के दौरान चोट लग गयी थी । उसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं । वेस्ट इंडीज सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा 24 सितंबर की जा सकती है । चयनसमिति ऋषभ को फिट होने के लिए पर्याप्त समय दिये जाने के पक्ष में है । एक रिपोर्ट के मुताबिक चयन समिति 15 खिलाड़ियों का चयन करेगी । ऋषभ को मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट के दौरान बाएं पैर में फ्रैक्चर हो गया था । अभी ये विकेटकीपर बल्लेबाज चोट से उबर गया है पर ताकत और कंडीशनिंग का अभ्यास कर रहा है । बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी फिटनेस पर नजर रखे हुए है । भारतीय टीम वेस्टइंडीज सीरीज के बाद 19 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया में एक सीमित ओवरों की सीरीज खेलेगी । इस दौरे में युवा ध्रुव जुरेल को विकेटकीपर बल्लेबाज की जिम्मेदारी मिलना तय है । जुरेल अभी लखनऊ में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ खेल रहे हैं । उन्हें इंग्लैंड दौरे में अंतिम दो टेस्ट में विकेटकीपिंग की थी ।

# थिम्मप्पिया मेमोरियल टूर्नामेंट में अर्जुन तेंदुलकर ने लिया समित द्रविड़ का विकेट

**अलूर (एजेंसी)।** कर्नाटक के अलूर में एक स्थानीय टूर्नामेंट में दो महान क्रिकेटरों के बेटे आमने-सामने नजर आये। यहां सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ अलग-अलग टीमों से उतरे थे। ऐसे में बल्लेबाजी कर रहे समित का विकेट गेंदबाजी कर रहे अर्जुन ने लिया। समित केएससीए सेक्रेटरी इलेवन के लिए खेल रहे थे।

समित ने थिम्मप्पिया मेमोरियल टूर्नामेंट में 26 गेंदों पर 9 रन रन बनाये। जिसमें दो चौके शामिल थे पर अर्जुन तेंदुलकर की गेंद पर वह कैच हो गये।

अर्जुन 25 साल के हो चुके हैं जबकि समित अभी 19 साल के हैं। अर्जुन गेंदबाजी करते हैं और अपने करियर को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं तो समित अच्छा बल्लेबाज बनना चाहते हैं।

इस टूर्नामेंट में कर्नाटक के कुछ शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों के अलावा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले करुण नायर और प्रसिद्ध कृष्णा भी शामिल थे। इस टूर्नामेंट को 2025-26 रणजी ट्रॉफी सत्र के लिए अभ्यास की तरह देखा जा रहा है, जिससे प्लेयर्स की फॉर्म और फिटनेस का आंकलन किया जाएगा।



# शाहिद अफरीदी ने अंपायरों पर लगाया पक्षपात का आरोप

लाहौर । पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी ने एशिया कप क्रिकेट 2025 में भारतीय टीम के हाथों मिली करारी हार के लिए अंपायरों को दोषी बताया है। अफरीदी ने आरोप लगाया है कि आईपीएल में अवसरों को देखते हुए अंपायर भारतीय टीम के पक्ष में फैसले देते है । अफरीदी ने इस मैच में फखर जमां को आउट दिए जाने के फैसले पर भी सवाल उठाये। फखर को हार्दिक पंड्या की गेंद पर संजू सैमसन ने कैच किया था जिसे थर्ड अंपायर ने सही मानते हुए उन्हें आउट करार दिया । अफरीदी ने कहा कि सभी अंपायर भारत की आईपीएल में काम करना चाहते हैं । ऐसे में वे बेहतर करियर की उम्मीद में अन्य टीमों के खिलाफ फैसले देते हैं। अफरीदी ने तंज कसते हुए कहा, 'उन्हें आईपीएल में भी तो अंपायरिंग करनी है.' वहीं एक और पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहम्मद यूसुफ ने अफरीदी की बात का समर्थन किया । साथ ही कहा, 'अंपायरों ने अलग एंगर से रिप्ले नहीं देखा । फखर ने तीन चौके मारे थे और पहले ओवर में ही बुमराह का सामना आराम से कर रहे थे। ऐसे में भारतीय टीम को उनका विकेट चाहिये था। वहीं पाक कप्तान सलमान ने कहा कि उन्हें लगा कि गेंद विकेटकीपर के दस्तानों में जाने से पहले जमीन पर टकराई थी । सलमान ने मैच के बाद कहा, 'अंपायर गलतियां कर सकते हैं पर मुझे लगा कि यह गेंद विकेटकीपर के आगे उछली थी हालांकि मैं गलत हो सकता हूं। साथ ही कहा कि जिस तरह से फखर बल्लेबाजी कर रहे थे, अगर उन्होंने पावर प्ले में बल्लेबाजी की होती, तो हम शायद 190 रन बना सकते थे।'



# अभिषेक शर्मा का खुलासा, व्यक्तिगत टिप्पणियां कर रहे थे पाकिस्तानी गेंदबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 के सुपर-4 राउंड में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मुकाबले में दर्शकों ने क्रिकेट का असली रोमांच देखा। भारत ने इस मैच में 6 विकेट से जीत दर्ज की, लेकिन खेल का असली आकर्षण रन बनाने के साथ-साथ खिलाड़ियों के बीच हुई तनातनी भी रही। भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने खुलासा किया कि पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों ने उन्हें बार-बार उकसाने के लिए व्यक्तिगत टिप्पणियां कर रहे थे।

### शुरुआती ओवरों से चढ़ा पारा

मैच की शुरुआत में ही तनाव बढ़ गया था। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज लगातार भारतीय बल्लेबाजों को शब्दों के जरिए विचलित करने की कोशिश कर रहे थे। खासतौर पर शुरुआती स्पेल के दौरान शुभमन गिल और शाहीन



अफरीदी के बीच हुई बहस ने माहौल गरमा दिया। इसके बाद हारिस रऊफ भी अभिषेक शर्मा से भिड़ गए, जिसके चलते अंपायरों को दखल देना पड़ा।

### अभिषेक का सख्त जवाब

मैच के बाद अभिषेक शर्मा ने स्पोर्ट्स शो में बातचीत करते हुए साफ किया कि उन्हें विपक्षी टीम का व्यवहार कतई पसंद नहीं आया। उनके मुताबिक, पाकिस्तान के गेंदबाज हर गेंद के बाद व्यक्तिगत टिप्पणियां कर रहे थे, जो खेल की भावना के खिलाफ है। अभिषेक ने कहा कि उन्होंने और गिल ने तय किया कि बहस करने के बजाय रन बनाकर ही जवाब दिया जाए।

### साझेदारी ने बदला खेल का रुख

भारतीय टीम की जीत में गिल और अभिषेक की शतकीय साझेदारी सबसे अहम रही। दोनों बल्लेबाजों ने न केवल टीम को शुरुआती दबाव से निकाला बल्कि पाकिस्तानी आक्रमण को भी ध्वस्त कर दिया। अभिषेक ने कहा कि गिल के साथ उनकी समझ काफी पुरानी है और यही तालमेल मैच में काम आया।

### आत्मविश्वास का राज

अभिषेक ने आगे कहा कि उनका आत्मविश्वास टीम के भरोसे से आता है। टीम मैनेजमेंट और साथी खिलाड़ी लगातार उन्हें समर्थन देते हैं, जिससे वह मैदान पर खुलकर खेल पाते हैं। उन्होंने कहा कि जब पूरी टीम आपके पीछे खड़ी हो, तो जवाब भी उसी स्तर का देना चाहिए।

### मैदान पर खेल, शब्दों से नहीं

भारत की यह जीत एक बार फिर इस बात का सबूत है कि मुकाबले बल्ले और गेंद से जीते जाते हैं, न कि शब्दों की जंग से। पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने जिस तरह की रणनीति अपनाई, उसका जवाब भारतीय बल्लेबाजों ने शांत रहकर रन बनाकर दिया।



# ‘कल्कि 2’ से बाहर होने के बाद दीपिका का भावुक पोस्ट

## शाहरुख के साथ शुरू की किंग की शूटिंग



**‘कल्कि 2898 एडी’ के सीक्वल से बाहर किए जाने की चर्चाओं के बीच अब दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म करने की पुष्टि की है। दीपिका ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इस बात की पुष्टि की है कि वो शाहरुख खान के साथ ‘किंग’ में काम कर रही हैं। ‘कल्कि 2’ से निकाले जाने के बाद यह खबर दीपिका के फैंस के लिए खुशखबरी लाई है।**

‘कल्कि 2898 एडी’ के सीक्वल बाहर किए जाने के बाद दीपिका ने पहली बार सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट किया। इस पोस्ट में उन्होंने इस बात को कंफर्म किया कि वो शाहरुख खान के साथ फिर से काम कर रही हैं। दीपिका ने इंस्टाग्राम पर शाहरुख खान का हाथ थामे एक तस्वीर पोस्ट की। इस तस्वीर में सिर्फ दोनों के हाथ नजर आ रहे हैं, चेहरा नजर नहीं आ रहा है। इस तस्वीर के साथ ही दीपिका ने एक दिल छू लेने वाला नोट भी लिखा है।

### 18 साल पहले दी गई शाहरुख की सीख को किया याद

पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, ‘लगभग 18 साल पहले ओम शांति ओम की शूटिंग के दौरान उन्होंने मुझे जो पहला सबक सिखाया, वह यह था कि फिल्म बनाने का अनुभव और आप जिन लोगों के साथ इसे बनाते हैं, वे इसकी सफलता से कहीं ज्यादा मायने रखते हैं। मैं इससे पूरी तरह से सहमत हूं। तब से मैंने अपने हर फैसले में इस सीख को लागू किया है। शायद यही वजह है कि हम साथ में अपनी छठी फिल्म बना रहे हैं?’ इस पोस्ट में दीपिका ने किंग का हैशटैग लगाया है। साथ ही शाहरुख खान और ‘किंग’ के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद को मेंशन भी किया है। साथ ही उन्होंने डे वन लिखा है, जिससे ये साफ होता है कि उन्होंने ‘किंग’ की शूटिंग शुरू कर दी है।

### शाहरुख के साथ हिट है दीपिका की जोड़ी

दीपिका पादुकोण ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत ही शाहरुख के साथ 2007 में आई फिल्म ‘ओम शांति ओम’ से की थी। इसके बाद उन्होंने शाहरुख के साथ ‘हैप्पी न्यू ईयर’, ‘चेन्नई एक्सप्रेस’, ‘पठान’ और ‘जवान’ में भी काम किया है। दीपिका और शाहरुख की जोड़ी जब भी बड़े पर्दे पर आई है फिल्म सफल हुई है। अब सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित ‘किंग’ में यह जोड़ी एक बार फिर नजर आएगी।

### सुहाना खान भी हैं ‘किंग’ का हिस्सा

सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित ‘किंग’ में शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, जैकी श्रॉफ, अनिल कपूर, अरशद वारसी, रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन, जयदीप अहलावत और अभय वर्मा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। ‘किंग’ के अलावा दीपिका एटली की आगामी फिल्म में अल्लू अर्जुन के साथ भी नजर आएंगी।



# होमबाउंड का हर हिस्सा सपने से कम नहीं

**जान्हवी कपूर, ईशान खट्टर और विशाल जेठवा अभिनीत फिल्म होमबाउंड साल 2026 में ऑस्कर अवॉर्ड्स में नामांकित हो चुकी है। फिल्म को ऑस्कर 2026 में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर कैटेगरी के लिए सेलेक्ट किया गया है। इसी खुशी में जान्हवी कपूर ने फिल्म को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया है।**

### जान्हवी कपूर का पोस्ट

जान्हवी कपूर ने फिल्म होमबाउंड को एक पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, यह फिल्म एक सपने जैसी रही है। इसकी कहानी, लोग, और हमारी टीम के हर सदस्य के लिए इसका खास महत्व रहा है। इस सफर का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत बड़ा इनाम है। शुरू से अब तक, यह फिल्म उन सभी लोगों का उत्सव है जिनकी प्रतिभा, अच्छाई और साहस को मैं बहुत प्यार और सम्मान करता हूं। यह फिल्म और इसका सफर उम्मीद की कहानी है। 26 सितंबर को सिनेमाघरों में!

### सेलेब्स का पोस्ट

मनीष मल्होत्रा और जोया अख्तर ने जान्हवी कपूर की इस पोस्ट पर लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। नितांशी गोयल ने लिखा, बधाई हो, शनाया कपूर ने लिखा, हे भगवान, एक्टर संजय कपूर ने लिखा, शानदार।

### फिल्म होमबाउंड के बारे में

इस फिल्म में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म होमबाउंड विदेशों में आयोजित हुए कई प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में प्रदर्शित हो चुकी है। भारत में होमबाउंड 26 सितंबर 2025 को रिलीज होगी। होमबाउंड एक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन नीरज घायवान ने किया है। यह फिल्म बशारत पीर के 2020 के न्यूयॉर्क टाइम्स के एक लेख पर आधारित है।

# रचित सिंह से गुपचुप सगाई की अफवाहों के बाद हुमा का क्रिप्टिक पोस्ट



हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी फिल्म बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में इस फिल्म का प्रीमियर हुआ। इसके अलावा अपनी निजी जिंदगी के चलते भी हुमा चर्चा बटोर रही हैं। हाल ही में कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि अभिनेत्री ने अपने कथित बॉयफ्रेंड रचित सिंह से गुपचुप सगाई कर ली है।

### साउथ कोरिया पहुंचीं हुमा कुरैशी

हुमा कुरैशी ने अपनी सगाई की उड़ती अफवाहों के बीच सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से सगाई की खबर पर रिएक्ट किया है।

हुमा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें एक व्यंजन की तस्वीर है। इसके जरिए उन्होंने बताया है कि वे साउथ कोरिया में हैं।

### काम से काम रखो

हुमा ने इस फोटो के साथ जो मैसेज लिखा है, वह गौर करने वाला है। उन्होंने लिखा है, सभी लोगों को शांत रहने की जरूरत है और अपने काम से काम रखो। उन्होंने आगे लिखा है कि वे साउथ कोरिया में लैंड हो गई हैं। हुमा ने फ्लाइट से खाने की फोटो शेयर की है। साझा की गई तस्वीर में बाउल में सूपी नूडल्स दिखाई दे रहे हैं।

### कौन हैं रचित सिंह?

हुमा के कथित बॉयफ्रेंड रचित एक्टिंग कोच हैं। वे आलिया भट्ट, रणवीर सिंह और विक्की कौशल जैसे सितारों को ट्रेनिंग देने के लिए मशहूर हैं। उन्होंने ‘कर्मा कॉलिंग’ सीरीज से अभिनय की शुरुआत की थी। हुमा और रचित, दोनों लंबे वक्त से दोस्त हैं। दोनों को कई बार साथ में देखा गया है। हाल ही में टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुमा की फिल्म बयान की स्क्रीनिंग के दौरान भी रचित मौजूद रहे। इसके अलावा हुमा कुरैशी की बेस्ट फ्रेंड और अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा-जहीर इकबाल इकबाल की शादी में भी रचित शामिल हुए थे।





# 50 साल की हो चुकी हैं अमीषा

## बताया अब तक क्यों नहीं की शादी

**बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री अमीषा पटेल ने ऋतिक रोशन के साथ फिल्म कहो ना प्यार है से डेब्यू किया था। इसके बाद वह गदर में नजर आईं। जल्दी ही वह बॉलीवुड पर छा गईं। अब अभिनेत्री 50 साल की हो चुकी हैं लेकिन उन्होंने अभी शादी नहीं की है। हाल ही में उन्होंने बताया है कि उन्होंने अब तक शादी क्यों नहीं की।**

### अमीषा पटेल को मिलते हैं प्रस्ताव

अमीषा पटेल ने खुलासा किया है कि भले ही वह पहले कई लोगों के साथ रिश्तों में रही हों, लेकिन उन्होंने कभी शादी नहीं की क्योंकि लोग चाहते थे कि वह घर बैठ जाएं और एक्टिंग छोड़ दें। अमीषा ने रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में कहा मैं स्कूल में कभी लड़कों के पीछे नहीं भागती थी, बल्कि वह मेरे पीछे भागते थे। तब से मुझे ढेरों प्रस्ताव मिले हैं और अब तक आते ही रहते हैं।

### अमीषा ने क्यों नहीं की शादी?

अमीषा ने आगे बताया मैं जितने लोगों से मिली, उनमें से ज्यादातर चाहते थे कि मैं शादी के बाद घर पर ही रहूं और काम न करूं। यह बात मुझे रास नहीं आई। मैं अपनी जवानी सिर्फ किसी की पत्नी बनकर नहीं बिताना चाहती थी।

यह पूछे जाने पर कि क्या अमीषा अब प्यार नहीं पाना चाहतीं? इस सवाल के जवाब में अमीषा ने कहा मैं शादी के लिए पूरी तरह तैयार हूं, बशर्ते मुझे कोई सही इंसान मिले। कहते हैं न, जहां चाह, वहां राह, इसलिए जो व्यक्ति मुझे हर हाल में ढूंढ़ ले और मौके पर चौका मारले, वही मेरा साथी होगा।

### प्यार के बजाए करियर को चुना

अमीषा ने आगे कहा जो लोग आपसे प्यार करते हैं, वे आपके करियर को आगे बढ़ने देंगे। मैंने अपने करियर के लिए बहुत कुछ खोया है और प्यार के लिए भी बहुत कुछ खोया है। मैंने एक-दूसरे के लिए दोनों चीजें छोड़ी हैं। मुझे लगता है कि मैंने दोनों से सीखा है। फिल्मों में आने से पहले मेरा किसी से रिश्ता था। वह मेरे लिए अच्छी पसंद थे। हालांकि जब मैंने फिल्म में जाने का फैसला किया, तो मेरा साथी नहीं चाहता था कि मैं लोगों की नजरों में आऊं। इस तरह मैंने प्यार की बजाय अपने करियर को चुना।



# आर्यन ने कभी महसूस नहीं कराया कि वह सुपरस्टार का बेटा है

**किल, ग्यारह ग्यारह और युध्रा जैसे प्राजेक्ट्स में अपनी अदाकारी का जलवा दिखा चुके डांसर टर्न एक्टर राघव जुयाल इन दिनों आर्यन खान निर्देशित वेब सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड के लिए चर्चा में हैं। सीरीज में उनकी बिंदास एक्टिंग लोगों को खूब पसंद आ रही है। राघव का कहना है कि यह सीरीज करते हुए उन्हें खुद भी बहुत समय बाद एक अलग सी ताजगी महसूस हुई।**

### हमारी राय को खुले दिल से सुनते थे आर्यन

बकौल राघव, इस शो को करते हुए बहुत समय बाद एक ताजगी वाला अहसास हुआ, क्योंकि आर्यन का टेक बहुत नया था। कुछ अलग हो रहा था। जो सालों से चला आ रहा है, वैसा नहीं हो रहा था। हम सबकी साझेदारी भी बहुत थी कि लक्ष्य कुछ बोल रहा था, मैं कुछ बोल रहा था, तो बड़ा मजेदार प्रॉसेस था। सेट पर बहुत ही यंग एनर्जी थी। आम तौर पर जब डायरेक्टर बहुत अनुभवी होता है, तो हमें अपनी राय देते वक्त झिझक होती है कि बोलूं या ना बोलूं, लेकिन आर्यन हमारी ओपिनियन को लेकर बहुत ओपन था। उसने हमें बिल्कुल भी ऐसा महसूस नहीं कराया कि वह दुनिया के सबसे बड़े सुपरस्टार का बेटा है। हमें बिल्कुल बराबरी का दर्जा दिया, जो हर सेट पर होनी चाहिए। वहां काम करते हुए बहुत सम्मानजनक महसूस होता था। ऐसा लगता था कि शाहरुख (खान) सर और आर्यन समझ जाते हैं कि एक्टर क्या सोच रहा है। शाहरुख सर बिना बताए ये समझते थे कि हम यहां तक पहुंचने के लिए कितनी मेहनत कर रहे हैं, क्योंकि वह खुद उस इससे गुजरे हैं। वही तहजीब, वही सोच उन्होंने आर्यन को दी है तो वो सम्मान वाला माहौल मुझे बहुत पसंद आया। ऐसे में, आप 25 घंटे करा लो, डबल शिफ्ट करा लो, हम कभी मना नहीं करेंगे।

### हीरो इंसान लगे, जीआईजो नहीं

राघव बॉलीवुड की बेहतरी के लिए एक बदलाव जरूरी मानते हैं और वह है अपनी जड़ों से जुड़ी कहानियां सुनाना। उनका कहना है कि हमें अपनी जड़ों से जुड़ी हुई फिल्में बनानी चाहिए। जैसे, बैड्स ऑफ बॉलीवुड में हमने बिना किसी डर के एक नई चीज दिखाई है। ऐसा नहीं कि ये फॉर्मूला चल रहा है तो यही बनाएंगे। आर्यन और हम बिल्कुल रॉ कॉन्टेंट लेकर आए हैं और हमने यह हिंदुस्तान की जनता के लिए बनाया है, सिर्फ शहरी-टाउन के लिए नहीं बना रहे हैं। जैसे, साउथ की रीजनल फिल्में जब हम देखते हैं तो वे वहां की ट्राइबल चीजें, अपनी संस्कृति की चीजें दिखाते हैं। उनका हीरो देखकर भी लगता है कि कोई इंडियन आदमी देख रहे हैं तो एक रिलेटेबिलिटी फैक्टर लगता है। विजय दलपति या विजय सेतुपति को देखो तो लगेगा कि हां, ये इंसान लग रहे हैं। ऐसा नहीं कि कहीं से जीआईजो या बार्बी डॉल आ गई तो मुझे लगता कि इस चीज पर हमें भी काम करना चाहिए, जिससे देखने वालों को एक जुड़ाव महसूस हो।

### हर एक्टर के डीएनए में शाहरुख खान



राघव पर सीरीज के निर्माता और सुपरस्टार शाहरुख खान का क्या प्रभाव रहा है? इस पूछने पर उन्होंने कहा, यहां बाहर से जो भी एक्टर बनने आता है, उसके डीएनए में 90 पर्सेंट शाहरुख खान होता ही होता है, क्योंकि उन्होंने हम सबके लिए ये रास्ता खोला है कि भाई ये हो सकता है। आप बाहर से आकर भी सबसे बड़े सुपरस्टार बन सकते हैं। वहीं, किल में लक्ष्य के दुश्मन से इस शो में उनके जिगरी यार वाले रोल को लेकर राघव बताते हैं, हम किल के दौरान भी दोस्त ही थे। स्क्रीन पर भले हम दुश्मन थे, पर ऑफ स्क्रीन दोस्ती ही थी। हमारी वही ऑफ स्क्रीन दोस्ती इस शो में ऑनस्क्रीन हो गयी है।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 2442 42 से प्रकाशित।
संपादक- अनुज कुमार, R.N.I. No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।